United Nations
Educational, Scientific and
Cultural Organization

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र
शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान

जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा यूनेस्को के तत्वावधान में स्थापित



वार्षिक प्रतिवेदन
2015-16

RCB
REGIONAL CENTRE FOR BIOTECHNOLOGY



विषयवस्तु

1. अधिशासी निदेशक की ओर से 01
2. क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र का अधिदेश 04
3. वैज्ञानिक प्रतिवेदन 07
   - जैव चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए नैनो सामग्री की इंजीनियरिंग 09
   - जीनोमिक अखंडता और प्लास्टिसिटी के आण्विक निर्धारक 12
   - प्रतिलेखन विनियमनः संरचना और क्रिया विधि 15
   - एक बायोट्रॉफिक पैथोजीन द्वारा मेजबान प्रतिरक्षा और पोषक तत्वों की के आवंटन का मॉड्यूलेशन .. 19
   - विभिन्न रोगों की स्थितियों में थ्रोम्बोसिस, शोथ और प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया की पैथोफिजियोलॉजी 23
   - आंतरिक संकेत जो अस्थि मांसपेशी संरचना और कार्य का विनियमन करते हैं 27
   - पादप – रोगाणु की अंतःक्रियाओं में इफेक्टर से उद्दीपित प्रतिरक्षा – प्रतिरक्षी विनियामकों द्वारा असेंबली और सिगनलिंग में इनोसिटॉल विनियमित मार्गों को समझना 30
   - कोशिका विभाजन और कोशिकीय गतिकी की क्रिया विधि 34
   - आंत के संक्रामक और इडियोपैथिक इंफ्लेमेशन के जीव विज्ञान का अध्ययन 38
   - पोस्ट ट्रांसलेशनल प्रोटीन रूपांतरणः कोशिकीय प्रक्रियाओं और रोग नियमन में संलग्नता 42
   - स्वास्थ्य और रोगों में मेजबान – सूक्ष्म जैविक अंतःक्रियाओं का संरचनात्मक जीव विज्ञान 45
4. शैक्षणिक गतिविधियाँ 49
   - शैक्षणिक गतिविधियाँ 51
   - अतिथि वैज्ञानिकों की संगोष्ठियाँ 53
   - कार्यशालाएं 55
   - दिए गए व्याख्यान/सम्मेलनों में उपस्थिति/विदेश दौरा 58
   - व्यावसायिक/शैक्षिक निकाय/संपादकीय बोर्डों की सदस्यता 61
   - विशिष्टताएं, सम्मान और पुरस्कार 62
   - प्रकाशन 63
   - विशेश वैज्ञानिक गोश्ठियां 65
5. बाह्य गतिविधियाँ तथा निधिकरण 67
   - बहु संस्थागत समय पूर्व जन्म (पीटीबी) कार्यक्रम 68
   - बाह्य निधिकरण 69
   - अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय नेटवर्किंग 72
   - एनसीआर बायोटेक विज्ञान क्लस्टर, फरीदाबाद 72
   - उन्नत प्रौद्योगिकी मंच केंद्र (एटीपीसी) 73
   - एनसीआर बायोटेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेटर 73
   - प्रौद्योगिकी उन्नति इकाई 73
   - जैवसुरक्षा समर्थन इकाई 73
6. मूल संरचना 75
   - प्रयोगशाला मूल संरचना 76
   - डिजिटल प्रयास 77
   - आरसीबी पुस्तकालय 77
7. वित्तीय सूचना 79
   - लेखा परीक्षित विवरण 80
   - तुलन पत्र 81
8. संस्थागत संचालन 87
9. स्मृतियां 99

अधिशासी निदेशक की ओर से

मुझे वर्ष 2015–16 के दौरान क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र (आरसीबी) का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुऐं हर्ष हो रहा है, इस अवधि में अनेक महत्वपूर्ण कीर्तिमान अर्जित किए गऐ जिनसे केन्द्र का भविष्य परिभाषित किया जाएगा। आरसीबी को संसद के अधिनियम के माध्यम से राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान का दर्जा प्रदान किया गया है। इससे केन्द्र जैव प्रौद्योगिकी और इससे संबंधित क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान में डिग्री प्रदान कर सकेगा। इसके उद्देश्य पूरे करने के लिए केन्द्र अन्य राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ घनिष्ट सहयोग से कार्यों का निर्वहन करेगा।

नवीन परिसर में केन्द्र तथा इसके कार्यकलाप निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इस वर्ष आरसीबी के शैक्षिक खण्ड के चौथे स्कंध, उन्नत प्रौद्योगिकी मंच केन्द्र (एटीपीसी), छात्रावास और अतिथि गृह तथा संकाय निवास का निमार्ण कार्य पूरा किया गया। निर्माण कार्य के इस चरण के पूरा होने से अतिरिक्त प्रयोगशाला तथा केन्द्र के भावी संकाय सदस्यों एवं छात्रों के लिए आवासीय स्थल की प्राप्ती हुई है।

केन्द्र ने बायोटेक विज्ञान के व्यापक क्षेत्रों में ज्ञान सृजित करने के विभिन्न नवाचारी अनुसंधान कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना जारी रखा है। विशिष्ट प्रधान अन्वेषकों द्वारा आगे बढ़ाए गए विभिन्न अनुसंधान क्षेत्रों के अलावा आरसीबी में अपरिपक्व जन्म के जीव विज्ञान को समझने और परिणाम का पूर्वानुमान लगाने के लिए संभावित बायोमार्करों की पहचान के लिए एक बहु–संस्थागत कार्यक्रम की प्रतिभागिता जारी रखी गई। वर्तमान में गुड़गांव सामान्य अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के एक बड़े वर्ग का विकास किया जा रहा है और आरसीबी के वैज्ञानिक इन महिलाओं से प्राप्त विभिन्न ऊतक नमूनों के प्रोटियोम पर व्यवस्थित अध्ययन कर रहे हैं।

वार्षिक प्रतिवेदन के वैज्ञानिक प्रतिवेदन भाग में अलग अलग प्रधान अन्वेषकों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत की गई प्रगति के विवरण दिए गए हैं। कुछ उल्लेखनीय प्रगति इस प्रकार दशाई गई है।

जैव चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए नैनो सामग्रियों पर अनुसंधान कार्यक्रम के तहत, लिपिड – पेप्टाइड के कंजुगेट से विभिन्न संयोजनों में विभिन्न कैंसर रोधी दवाओं को डालकर हाइड्रोजेल विकसित किए गए। अध्ययन में दर्शाया गया है कि इन दवा युक्त हाइड्रोजेल में म्यूरिन मॉडल प्रणालियों में कैंसर रोधी संभाव्यता होती है। अब इन हाइड्रोजेल को कैंसर कोशिका आंतरिक और कोशिका बाह्य मार्गों पर लक्षित बहु लक्ष्य कार्यनीतियों के लिए खोजा जाएगा जिसमें कैंसर रोधी, एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी एंजियोजेनिक दवाओं का उपयोग किया जाएगा।

एनजीओएस निसेरिया गोनोरी का एक मिसमैच रिपेयर प्रोटीन है जो क्लासिकल ई. कोलाई मिसमैच रिपेयर प्रक्रिया का पालन नहीं करता है। कार्यात्मक एनजीओएस – डीएनए कॉम्प्लेक्स के समुच्चय पर किए गए अध्ययनों से संरचनात्मक संक्रमण का पता लगता है जो डीएनए के आस पास प्रोटीन टोरॉइड का निर्माण करता है। इस अध्ययन से एनजीओएस को मिसमैच के लिए

डीएनए के साथ स्कैन करने की सुविधा मिलती है और इससे डीएनए मिसमैच रिपेयर की आरंभिक घटनाओं के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान की जा सकती है।

एफएलईक्यू स्यूडोमोनास एरुजिनोसा में फ्लाजेलर जीनों का मास्टर विनियामक है और एंटी एक्टिवेटर एफएलईएन एक संभावित एटीपी/जीटीपी बंधनकारी प्रोटीन है जो सीधा इसके साथ अंतःक्रिया करता है। हमारे अध्ययनों में दर्शाया गया है कि एटीपी से उद्दीपित संरचनात्मक रिमॉडलिंग द्वारा एफएलईएन में कार्यात्मक डाइमर के निर्माण की सुविधा मिलती है और यह एक एंटी एक्टिवेटर को परिवर्तनीय रूप को पाने में सहायता देता है जो एफएलईक्यू गतिविधि को एक अनुकूलतम स्तर तक अंशांकित कर सकता है। स्यूडोमोनास एरुजिनोसा में इन प्रोटीनों के नॉक आउट अब जीवे (इन् विवो) सत्यापन के लिए उपयोग किए जाएंगे।

जीन विनियामक नेटवर्कों को प्रतिरोधक और संवेदनशील लैग्यूम पाउडरी मिलड्यू अंतःक्रियाओं को उत्पन्न करने तथा अंतःक्रिया के साथ जुड़े नए मार्गों / जीनों की पहचान के लिए एमआरएनए के दोहरे आरएनए सैक और एमआईआरएनए पर आधारित निश्पक्ष खोज की गई है। अब इन डेटा का उपयोग रोगाणु से स्रावित होने वाले इफेक्टर प्रोटीन की पहचान में किया जाएगा।

डेंगू वायरस (डीईएनवी) संक्रमण के दौरान प्लेटलेट सक्रियण पर किए गए अध्ययनों में दर्शाया गया है कि प्लेटलेट में वायरस जीनोम की उच्च प्रति संख्याओं के साथ सीधा संबंध रखता है जो शुरूआती संक्रमण के दौरान बनती हैं। इसे आगे पुनः कृत्रिम परिवेशीय डेटा से समर्थन देकर दर्शाया गया कि डीईएनवी द्वारा प्लेटलेट की मात्रा आधारित सक्रिय होता है। डीईएनवी माध्यित प्लेटलेट सक्रियण सीधे तौर पर प्लेटलेट लाइसिस और समाशोधन से संबंधित था। डेंगू के रोगियों में प्लेटलेट तेजी से घटने की प्रक्रिया को समझने पर जांच जारी है।

शोथकारी आंत रोग (आईबीडी) में पाचन मार्ग के किसी या एक भाग में चिरकालिक शोथ शामिल है, जिससे दस्त, दर्द, थकान और वज़न में कमी आती है। कोशिका संवर्धन और चूहा मॉडल का उपयोग करते हुए आईबीडी के दौरान सुमॉयलेशन शोथ के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका और कोलोरेक्टल कैंसर में इसके बारे में जानकारी मिली है और रोगियों के नमूनों का उपयोग करके इन अवलोकनों का सत्यापन किया गया है।

आरसीबी में शैक्षिक गतिविधियां सम्पूर्ण बल गतिमान हैं। आरसीबी संकाय सदस्यों द्वारा 13 युवा अन्वेषक का नेतृत्व किया जा रहा है और 77 छात्र डॉक्टरल अनुसंधान कर रहे हैं, जिनमें से 14 ने इस शैक्षिक सत्र के दौरान आरसीबी में कार्य आरंभ किया। इसके अतिरिक्त अनेक पोस्ट डॉक्टरल अध्येता और अनुसंधान अध्येता / सहायक बाह्य अनुदानों के माध्यम से केन्द्र की वैज्ञानिक शक्ति को बढ़ा रहे हैं।

यूनेस्को इंडिया क्लस्टर कार्यालय और आरसीबी द्वारा 29–30 दिसम्बर, 2015 के दौरान ''स्थायी विकास की ओर जैव प्रौद्योगिकी के संदर्भ में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति पर क्षेत्रीय वार्ता'' का आयोजन किया गया। इस वार्ता में जाने माने वैज्ञानिकों, वक्ताओं, नीति निर्माताओं और शैक्षिक संस्थानों ने 6 देशों से आकर अपने देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति पर जैव प्रौद्योगिकी के विशिष्ट संदर्भ में विचार विमर्श किया। केन्द्र द्वारा यूनाइटिड किंगडम के कोलेबोरेटिव कम्प्यूटेशनल प्रोजेक्ट नं. 4 (सीसीपी4) एक्जीक्यूटिव के साथ भागीदारी में कम्प्यूटेशनल क्रिस्टलोग्राफी पर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश भर से 60 से अधिक वैज्ञानिकों तथा अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया एवं 15 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने भाग लिया तथा अपने–अपने क्षेत्र की विशेषज्ञता द्वारा नेतृत्व प्रदान किया।

आरसीबी में युवा अन्वेषक बैठक (वायआईएम–2016) की भी मेजबानी की गई जो अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से दुनिया भर से आए हुए पोस्ट डॉक्टरल अध्येताओं का एक सम्मेलन है। यह

बैठक पीएचडी के बाद अध्येताओं को अपने अनुसंधान अनुभव साझा करने का एक मंच प्रदान करता है और उन्हें अंतर संस्थागत आधार पर कार्य करने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त आरसीबी द्वारा रामालिंगास्वामी अध्येतावृत्ति कॉन्क्लेव 2016 का सह आयोजन किया गया जिसमें जैव प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों के 150 से अधिक वैज्ञानिकों तथा अनुसंधान अध्येताओं ने हिस्सा लिया। इस कॉन्क्लेव का नेतृत्व 25 अपने–अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले प्रतिश्ठित वैज्ञानिकों और वक्ताओं ने किया।

उपरोक्त सभी गतिविधियां तथा इस प्रतिवेदन में अन्य कहीं प्रकाशित गतिविधियां आरसीबी तथा टीएचएसटीआई के प्रशासन एवं संकाय, डीबीटी एवं यूनेस्को से प्राप्त समर्थन और प्रोत्साहन, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्यगण, कार्यक्रम सलाहकार समिति तथा अन्य विविध सांविधिक समितियों के सहयोग के फलस्वरूप सम्भव हुआ है तथा भविष्य में इनके निरंतर समर्थन की आशा करता हूं।



सुधांशु व्रती

अधिशासी निदेशक

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र का अधिदेश

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र का अधिदेश अनेक विषयों के अंतरापृष्ठ पर जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए मंच प्रदान करने के लिए है। केंद्र के कार्यक्रम छात्रों को बहुविषयक अनुसंधान में शामिल होने के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जहां वे अभियांत्रिकी, चिकित्सा और विज्ञान को समाहित करते हुए बायोटेक विज्ञान सीखते हैं ताकि मानव तथा पशु स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण प्रौद्योगिकी के लिए समाधान प्रदान कर सकें।

केन्द्र की संकल्पना जैव प्रोद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार के विकास हेतु मानव संसाधन विकसित करना है, विशेश रूप से नए अवसरों के क्षेत्र में तथा कमी वाले क्षेत्रों में प्रतिभा के अंतराल को भरना है। यह केंद्र यूनेस्को संस्थानों और केंद्रों की स्थापना और कार्य के सिद्धांतों और दिशानिर्देशों के अंर्तगत ''श्रेणी 2 केंद्र'' के रूप में माना गया हैं।

केन्द्र के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

(क) जैव प्रौद्योगिकी की शाखाओं और संबंधित क्षेत्रों में अनुदेशात्मक तथा अनुसंधान सुविधाओं को प्रदान करते हुए ज्ञान का प्रसार और उन्नयन जो प्रौद्योगिकी नीति विकास सहित उचित पाया जाता है।

(ख) क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से सतत विकास उद्देश्यों के लिए जैव प्रौद्योगिकी और संबंधित शैक्षणिक क्षेत्रों में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास के माध्यम से क्षमता निर्माण प्रदान करना।

(ग) क्षेत्रीय स्तर पर जैव प्रौद्योगिकी के लिए ज्ञान और संबंधित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करना।

(घ) जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता का एक केन्द्र बनाना और क्षेत्र के देशों में मानव संसाधन जरूरतों को संबोधित करना।

(ङ) लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों तथा कल्याण में सुधार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और मजबूत करना।

(च) क्षेत्र में और साथ ही भारत के अंदर सेटेलाइट केन्द्रों को बढ़ावा देना और एक नेटवर्क की सुविधा प्रदान करना।

केन्द्र के कार्यकलाप इस प्रकार हैं:

(क) मूलसंरचना और प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों की स्थापना करना जो जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रासंगिक है।

(ख) जैव प्रौद्योगिकी और संबंधित क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में डिग्री प्रदान करने हेतु शैक्षणिक और प्रशिक्षण गतिविधियों को निष्पादित करना।

(ग) जैव प्रौद्योगिकी, विशेशकर नए अवसरों तथा अपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिभा अंतराल को भरने हेतु नवाचार को प्रेरित करने के लिए आवश्यकतानुसार मानव संसाधन तैयार करना।

(घ) क्षेत्र में प्रासंगिक अनुसंधान केन्द्रों के साथ सहयोग में अनुसंधान, विकास तथा वैज्ञानिक अन्वेषण शुरू करना।

(ङ) भारत के अंदर या क्षेत्रीय अथवा क्षेत्र के बाहर वैज्ञानिक संगोष्ठियों और सम्मेलनों का आयोजन करना और जैव प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करना।

(च) जैव सूचना के लिए डेटा बैंक स्थापित करने के लिए वैश्विक रूप से उपलब्ध जानकारी को इकट्ठा करना।

(छ) जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्थानीय पणधारी समुदायों के बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण को सुनिश्चित करते हुऐं नेटवर्किंग के माध्यम से स्थानीय ज्ञान को एकत्र और प्रसार करना।

(ज) बौद्धिक संपत्ति अधिकारों के लिए एक नीति का विकास एवं कार्यान्वयन करना जो केन्द्र के अनुसंधान में शामिल पणधारियों के लिए साम्य और उचित है।

(झ) किताबों और लेखों के प्रकाशन के माध्यम से विभिन्न देशों में अनुसंधान गतिविधियों के परिणाम का प्रसार करना।

(ञ) जैव प्रौद्योगिकी के विशेष क्षेत्रों में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा अंततराष्ट्रीय नेटवर्कों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास नेटवर्किंग कार्यक्रम को प्रोत्साहन देना तथा क्षेत्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के आदान प्रदान को सहयोग करने वाले संस्थानों के बौद्धिक संपत्ति अधिकारों से संबंधित मुद्दों के विषय में सहयोगी संस्थानों के साथ लाभों की समान साझेदारी को प्रोत्साहन देना।



वैज्ञानिक प्रतिवेदन

2015–2016 के दौरान प्रगति



7

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र
शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान

जैव चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए नैनो सामग्री की इंजीनियरींग

सहयोगी
सागर सेनगुप्ता (एनआईआई)
आशीष श्रीवास्तव
(आईआईएसईआर, भोपाल)

पीएच. डी. छात्र
वेडगोपुरम श्रीकांत
श्रीकांत
सोमनाथ कुंडू
कविता यादव
संदीप कुमार
निहाल मेडतवाल
संजय पाल
शचि सलुजा
अनिमेश कर
प्रियंका यादव

परियोजना कर्मचारी
रुचि त्रिपाठी

अविनाश बजाज
प्रधान अन्वेषक

इस अनुसंधान कार्यक्रम में झिल्ली जैव भौतिकी, कैंसर जीव विज्ञान और संक्रामक रोगों के क्षेत्र में संश्लेषण रसायन, कोशिका जीव विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान और नैनो प्रौद्योगिकी के अंतर विषयक मार्ग का उपयोग करते हुए कैंसर तथा संक्रामक रोग के लिए प्रभावी चिकित्सा हेतु नैनो सामग्री के विकास को संबोधित किया जाता है। पिछले वर्ष बाइल एसिड – पेप्टाइड आधारित हाइड्रोजेल औषधि प्रदायगी अनुप्रयोगों के लिए निर्मित किए गए थे।

बाइल एसिड और एमिनो एसिड भली भांति ज्ञात जैव आण्विक स्केफोल्ड हैं जिनमें अपने आप असेम्बल होने और सुप्रा मॉलीक्यूलर संरचनाएं बनाने का स्वभाव होता है। 20 लिपिडेट डाइपेप्टाइड (एलडी) डिजाइन और निर्मित किए गए जहां डाइ पेप्टाइड के सी–टर्मिनल ग्लाइसिन हैं और डाइ पेप्टाइड का एन टर्मिनल प्राकृतिक रूप से मिलने वाले 20 एमिनो एसिड में से एक है। डाइ पेप्टाइड को बेंजाइल युक्त लिथोकोलिक एसिड के साथ 3'–ओएच के साथ एचएटीयू / एचबीटीयू रसायन का उपयोग करते हुए चरणवार पेप्टाइड संश्लेषण किया गया तथा इन्हें 1 एच –एनएमआर और एचआरएमएस का उपयोग करते हुए लाक्षणीकृत किया गया था। प्रत्येक एलडी एम्फीफाइल में हाइड्रोजेल बनाने की क्षमता का मूल्यांकन इन्वर्ट वायल आमापन के उपयोग से किया गया, जहां एलडी एम्फीफाइल की अलग अलग सांद्रताएं 70 डिग्री से. पर पानी (पीएच 7.4) में घोली गई तथा इन्हें कमरे के तापमान पर ठण्डा किया गया। इनमें से 90 एम्फीफाइल हाइड्रोजेल बनाने के लिए अपने आप असेम्बल होने में सक्षम थीं जिसमें 50 – 65 मि.ग्रा. / मि.ली. की न्यूनतम जीलेशन सांद्रता थी। पिघलने के तापमान (टीएम) अध्ययनों में पुष्टि की गई कि ग्लाइसिन – ग्लाइसिन (एलडी–1) और सेरीन – एम ग्लाइसिन (एलडी–12) से उत्पन्न एलडी लगभग 80 डिग्री से. पर सबसे अधिक स्थायी हैं।

एलडी–1 हाइड्रोजेल की जीवे जैव अनुकूलता का तब सी57बीएल/6 चूहों, स्प्रेग डॉली (एसडी) चूहों और न्यूजीलैंड (एनजेड) खरगोशों में लाक्षणीकरण किया गया था। प्रतिदीप्तिशील (1 प्रतिशत रोडेमाइन के अंदर) एलडी–1 हाइड्रोजेल को वयस्क सी57बीएल/6 चूहों में सबक्यूटेनियस मार्ग से इंजेक्ट किया गया और इंजेक्ट की गई सामग्री की मात्रा को एक दिन छोड़ कर मापा गया था। इसमें 20 दिनों तक एलडी–1 हाइड्रोजेल का समूचापन देखा गया जिसमें चूहों में लगभग 15 दिनों का अर्ध जीवन था। इसमें दिन 21 पर पूरी तरह विखंडन हो गया। इसी प्रकार एलडी–1 हाइड्रोजेल के एसडी चूहों में सबक्यूटेनियस इंप्लांटेशन से 22 दिनों के लिए जेल के समूचेपन की पुष्टि लगभग 14 दिनों के अर्ध जीवन के साथ की गई। हिस्टोलॉजी अध्ययनों में शोथ प्रत्युत्तर का मूल्यांकन किया गया, जहां चूहे से प्राप्त ऊतक के सेक्शन में एलडी–1 हाइड्रोजेल को हिमेटॉक्सिलिन और इयोसिन से अभिरंजित किया गया और इसमें न्यूट्रोफिल या मैक्रोफेज कोशिकाओं का सक्रिय इंफिल्ट्रेशन देखा नहीं गया। इसके बाद सेक्शन को सीडी45 एंटीबॉडी से अभिरंजित कर सीडी45 + न्यूट्रोफिल के इंफ्लक्स को देखा गया। दिन 10 पर सबक्यूटेनियस ऊतकों में सीडी45 + कोशिकाओं का इंफ्लक्स 20 दिनों में अनुपस्थित होने से न्यूट्रोफिल के अस्थायी इंफ्लक्स का सुझाव मिला जो समय के साथ निकल गया।

आगे अध्ययन में सी57बीएल / 6 चूहों में एलडी–1 हाइड्रोजेल इंजेक्शन की कायिक विषालुता का मूल्यांकन किया गया जिसमें प्लेटलेट, बिलुरुबिन और यकृत एंजाइम जैसे एसजीओटी (सीरम ग्लूटेमिक ऑक्सेलोएसेटिक ट्रांसएमिनेस) और एसजीपीटी (सीरम ग्लूटामिक – पाइरुविक ट्रांसएमिनेस) को मापा गया। प्लेटलेट की संख्या में शुरूआती कमी उन चूहों में दिन 10 पर देखी

गई जो सामान्य तौर पर 20 दिनों में ठीक हो गए। इसमें सामान्य रेंज में पाए गए 20 दिनों में एसजीओटी और एसजीपीटी स्तर भी देखे गए थे। एसडी चूहों में सभी महत्वपूर्ण पैरामीटर न्यून बिलिरुबिन स्तर के साथ दिन 10 और 20 के बाद सामान्य रेंज में थे और दिन 20 पर बिलिरुबिन, एसजीओटी तथा एसजीपीटी के सामान्य स्तर एनजेड खरगोशों में 90 दिनों बाद देखे गए थे।

एलडी–1 हाइड्रोजेल के जैव अनुकूल स्वभाव को स्थापित करने के साथ सीपीटी और डीटीएक्स युक्त एलडी–1 हाइड्रोजेल के संयोजन का मूल्यांकन म्यूरिन मॉडलों में ट्यूमर रिग्रेशन अध्ययन हेतु किया गया था। सीपीटी को हाइड्रोजेल के जलीय चरण में इसे हाइड्रोजेल बनाने से पहले एलडी–1 घोल में पहले से घोला गया। एलडी–1 8 मि.ग्रा. / मि.ली. (वज़न के अनुसार 12 प्रतिशत) सीपीटी को बनाए रखने में सक्षम था। परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोस्कोपी द्वारा निगरानी करने पर सीपीटी की दवा निकलने की गतिशीलता से पहले क्रम की निर्मुक्ति रूपरेखा का सुझाव मिला। इसी प्रकार, एलडी–1 10 मि.ग्रा. / मि.ली. (वज़न के अनुसार 15 प्रतिशत) की उच्च दक्षता के साथ डीटीएक्स को निहित करने में सक्षम था। एचपीएलसी का उपयोग करते हुए दवा निकलने की गतिकी से डीटीएक्स की छोटी फटने की निर्मुक्ति (15 प्रतिशत) का प्रदर्शन किया गया और इसके बाद शून्य क्रम की निर्मुक्ति हुई जो क्षरण आधारित घटना के कारण होती है। एलडी – 1 12 और 10 मि.ग्रा. / मि.ली. की सांद्रता पर डीटीएक्स और सीपीटी के संयोजन निहित करने में सक्षम रहा और सीपीटी तथा डीटीएक्स क्रमशः संयोजन में निहित होने पर भी प्रथम और शून्य क्रम की निर्मुक्ति रूपरेखा का रखरखाव करने में सक्षम रहे।

इसके बाद सीपीटी (2.5 मि.ग्रा. / मि.ली.), डीटीएक्स (5.0 मि.ग्रा. / मि.ली.) और इनके संयोजन को निहित करने के लिए एलडी – 1 हाइड्रोजेल की यांत्रिक शक्ति का लाक्षणीकरण करने के लिए रियोलॉजी अध्ययन किए गए थे। औषधि में निहित एलडी – 1 हाइड्रोजेल समान यांत्रिक शक्ति का रखरखाव करने में सक्षम थे और इन जेल का लचीला व्यवहार क्रमशः डीटीएक्स और सीपीटी को निहित करने पर 10 और 2 गुना अधिक मजबूत बन गया। एलडी–1 हाइड्रोजेल हाइड्रोफोबिक (डीटीएक्स) और हाइड्रोफिलिक (सीपीटी) का संयोजन दक्षतापूर्वक निहित करने में सक्षम थे क्योंकि जेल के नम्यता डीटीएक्स की हाइड्रोफोबिक अंतःक्रियाओं से सुदृढ़ बनाई गई जिसके साथ बाइल एसिड के आधार और पेप्टाइड स्केफोल्ड के साथ सीपीटी की विद्युत स्थैतिक अंतःक्रियाएं शामिल हैं।

दोहरी दवा निहित करने की क्षमता से प्रेरित और इस काइमेरिक हाइड्रोजेल की क्रमिक एवं स्थायी दवा निर्मुक्ति विशेषताएं, दो सिंजेनिक म्यूरिन कैंसर मॉडलों में ट्यूमर रिग्रेशन पर औषधि में निहित हाइड्रोजेल के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया था। पहले मामले में यादृच्छिक अध्ययन में 4 अलग अलग समूहों में टी1 ट्यूमर युक्त बेल्ब / सी चूहों को रखा गया और फिर इन्हें क) गैर उपचारित नियंत्रण; ख) ट्यूमर स्थल (डीटीएक्स–सीपीटी–टीएस) में डीटीएक्स (50 मि.ग्रा. / मि.ली.) और सीपीटी (25 मि.ग्रा. / मि.ली.) के संयोजन का एक इंजेक्शन; ग) एक दिन छोड़ कर (डीटीएक्स – सीपीटी–आईवी) पर डीटीएक्स (5 मि.ग्रा. / मि.ली.) और सीपीटी (2.5 मि.ग्रा. / मि.ली.) के 10 इंट्रावेनस डोज और घ) ट्यूमर स्थल में (डीटीएक्स – सीपीटी–जेल) एलडी–1 हाइड्रोजेल में निहित एक्स (50 मि.ग्रा. / मि.ली.) और सीपीटी (25 मि.ग्रा. / मि.ली.) का एक इंजेक्शन। डटीएक्स – सीपीटी – जेल उपचार के बाद डीटीएक्स–सीपीटी – टीएस और डीटीएक्स – सीपीटी – आईवी उपचातिर समूहों पर बढ़े हुए ट्यूमर रोधी प्रभाव देखे गए। एलडी–1 हाइड्रोजेल (अकेले) उपचार पर ट्यूमर रिग्रेशन में कोई बदलाव नहीं देखा गया। गैर उपचारित नियंत्रण पर

डीटीएक्स – सीपीटी – टीएस और डीटीएक्स – सीपीटी – आईवी उपचार पर चूहों की उत्तरजीविता में कोई वृद्धि नहीं देखी गई। डीटीएक्स–सीपीटी – जेल से उपचारित चूहों को 6 दिन की उत्तरजीविता की औसत वृद्धि (पी 0.0005 से कम बनाम कंट्रोल) सहित 45 दिनों की तुलना में 55 दिन बाद मरते हुए देखा गया। डीटीएक्स–सीपीटी – आईवी (पी 0.005 से कम बनाम कंट्रोल) के साथ उपचार पर जंतुओं के शरीर के वज़न में उल्लेखनीय कमी (10 प्रतिशत से अधिक) देखी गई जबकि डीटीएक्स–सीपीटी –जेल से उपचारित चूहे स्वस्थ थे। अगले अध्ययन में चूहों के सामान्य स्तन ऊतकों पर डीटीएक्स–सीपीटी –जेल और डीटीएक्स–सीपीटी –टीएस के प्रभावों की तुलना की गई। डीटीएक्स–सीपीटी –जेल इम्प्लांट करने पर स्तन ऊतक की सामान्य आकारिकी देखी गई, जबकि डीटीएक्स–सीपीटी –टीएस उपचारित करने पर ऊतक को अधिक क्षति मौजूद थी, जिससे हाइड्रोजेल से दवा की स्थायी निर्मुक्ति का सुझाव मिला जो सामान्य ऊतकों के लिए लाभकारी है।

अगले एलएलसी ट्यूमर युक्त चूहों को समान उपचार दिया गया जहां डीटीएक्स – सीपीटी – टीएस और डीटीएक्स – सीपीटी – जेल उपचार पर समान ट्यूमर संदमन देखा गया। चूहों की औसत उत्तरजीविता में 10 दिन की उल्लेखनीय वृद्धि (पी 0.005 से कम बनाम कंट्रोल) डीटीएक्स–सीपीटी –टीएस उपचार पर चार दिनों की तुलना में डीटीएक्स–सीपीटी –जेल उपचार में देखी गई जिसमें शरीर के वज़न में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं हुआ। इसके बाद न्यूक्लियर प्रोटीन केआई67 के लिए केआई67 प्रतिरक्षी अभिरंजन का उपयोग करते हुए ट्यूमर के नमूनों में संवर्धनकारी गतिविधि को मापा गया जो कार्सिनोमा के लिए एक प्रवर्धनकारी मार्कर है। डीटीएक्स–सीपीटी –टीएस की तुलना में डीटीएक्स–सीपीटी –जेल से उपचारित ट्यूमरों में न्यूनतम संवर्धन गतिविधि देखी गई और डीटीएक्स–सीपीटी –आईवी नमूनों से डीटीएक्स–सीपीटी –जेल के अधिकतम चिकित्सीय प्रभाव का सुझाव मिला। सीडी31 और सीडी45 का उपयोग करते हुए ट्यूमर के वेस्कुलेचर और शोथ पर डीटीएक्स–सीपीटी –जेल के प्रभाव की जांच की गई थी जहां सीडी31 से एंडोथिलियल कोशिकाओं का अभिरंजन होता है और सीडी45 से अभिरंजन में अंदर आने वाले न्यूट्रोफिल को मदद मिलती है। डीटीएक्स–सीपीटी –जेल उपचारित करने पर न्यूट्रोफिल के अंदर आने पर न्यूनतम प्रभाव तथा ट्यूमर वेस्कुलेचर का उल्लेखनीय संदमन देखा गया। इसके बाद विभिन्न उपचार व्यवस्थाओं के पश्चात एलएलसी ट्यूमर युक्त चूहों के मुख्य विषालुता पैरामीटरों का अध्ययन किया गया। ट्यूमर युक्त चूहों में बढ़े हुए एसजीओटी स्तरों के साथ अल्प हिमोग्लोबिन और प्लेटलेट देखे गए जो डीटीएक्स–सीपीटी –जेल उपचार पर सामान्य हो गए।

सारांश में, बाइल एसिड और पेप्टाइड के मेट्रोफिलिक लक्षण की हाइड्रोफोबिसिटी का उपयोग करते हुए उच्च नम्य इंजेक्शन देने योग्य हाइड्रोजेल तैयार किए गए थे। इन हाइड्रोजेल को नॉन कोवेलेंट हाइड्रोफोबिक तथा विद्युत स्थैतिक अंतःक्रियाओं द्वारा सुदृढ़ बनाते हुए इन्हें बढ़ी हुई तनाव परिस्थितियों में इंजेक्शन देने योग्य बनाया गया। हाइड्रोफोबिक और हाइड्रोफिलिक दवाओं की दोहरी लोडिंग तथा कीमोथैरेपी अनुप्रयोगों के लिए इनके क्रम और अवकलन निर्मुक्ति के रखरखाव द्वारा इन अंतःक्रियाओं को अनुरक्षित किया गया। इन हाइड्रोजेल के एक इंजेक्शन से किसी विषालुता के बिना ट्यूमर को नष्ट किया गया और चूहों की उत्तरजीविता में पर्याप्त वृद्धि हुई। अतः कैंसर संयोजन उपचार अनुप्रयोगों के लिए फैसाइल संश्लेषण के साथ जैव अनुकूल इंजेक्शन योग्य हाइड्रोजेल के एक वर्ग का प्रदर्शन किया गया है।

सहयोगी
एस. विजया (आईआईएससी)
प्रदीप कुमार
(आईआईटी–बॉम्बे)
डी. एन. राव (आईआईएससी)

युवा अन्वेषक
वैभव के. पांड्या

पीएच. डी. छात्र
राहुल शर्मा
जितेश कोतूर
शिवली निरवल
नवीन नारायणा
दीपांकर सिंह
मैरी के. जॉनसन
शिल्पी नागपाल
मीनाक्षी शर्मा
असरा नसीर खान
पेटरसन क्लीमेंट

दीपक टी. नायर
प्रधान अन्वेषक

जीनोमिक अखंडता और प्लास्टिसिटी के आण्विक निर्धारक

प्रयोगशाला की अनुसंधान की विषय–वस्तु में आनुवंशिक अखंडता के रखरखाव या जीनोमिक प्रत्यास्थता प्रदान करने वाले अणु शामिल हैं। हमारा लक्ष्य इस विशय पर क्रिया विधिक अंतर्दृष्टि प्रदान करना है कि ये जीव किस प्रकार विकसित होते है और परिवेश के साथ अनुकूलित होते हैं।

सभी कोशिकीय प्रक्रियाओं के अनुकूल रूप से कार्य करने के लिए जीनोम की अखंडता को बनाए रखने की जरूरत होती है। इसके विपरीत जीनोम में प्रत्यास्थता से एक प्रतिकूल परिवेश पर लगाए गए चयन दबाव में राहत मिल सकती है। इन दो विवादकारी आवश्यकताओं से अणुओं की उपस्थिति तथा इन मार्गों का ज्ञान मिला जो इनकी रोकथाम करते हैं (उदाहरण के लिए डीएनए की बेमेल मरम्मत) या जीनोम में बदलाव की सुविधा प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए त्रुटि प्रवण पॉलीमरेस)। अणुओं के इन दो अलग अलग सेटों की एंटागोनिस्टिक क्रिया से संभवतः सुनिश्चित होता है कि जीनोमिक प्रत्यास्थता को अनुकूलित क्षमता के लिए किसी आनुवांशिक जीवक्षमता में समझौता किए बिना अंशांकित किया गया है। हमारा लक्ष्य कार्य को अर्जित करने के लिए जीनोमिक अखंडता और प्रत्यास्थता के विभिन्न आण्विक निर्धारकों द्वारा प्रयुक्त संरचित प्रक्रिया को समझना है।

इस व्यापक लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मेरी प्रयोगशाला में संवीक्षा के अधीन जैविक प्रक्रम (क) ट्रांसलिजन डीएनए संश्लेषण, (ख) तनाव से उद्दीपित उत्परिवर्तन (ग) डीएनए बेमेल मरम्मत (घ) तनाव उद्दीपित एपिजेनिटिक संशोधन (ङ) ट्रांसपोजिशन और (च) जापानी मस्तिष्क वायरस जीनोम का द्विगुणन। हमारे प्रयासों से अंतर्दृष्टि मिलेगी कि ये भिन्नताएं किस प्रकार जीवों, खास तौर पर तनाव की प्रतिक्रिया स्वरूप जीनोटाइप और फीनोटाइप में प्रकट होती हैं। इन अध्ययनों से प्राप्त अंतर्दृष्टि से रोगजनक बैक्टीरिया और वायरसों के खिलाफ नई चिकित्सीय कार्यनीतियों के विकास के लिए एक ठोस मंच भी प्रदान किया जाएगा। इनमें से कुछ परियोजनाओं में की गई प्रगति का वर्णन आगे किया गया है।

तनाव से उद्दीपित उत्परिवर्तन : अल्प फिडेलिटी डीएनए पॉलीमरेस (डीपोल्स), जैसे डीएनए पॉलीमरेज 4 (एस्चेरिशिया कोली) को तनाव उद्दीपित उत्परिवर्तन में भाग लेते हुए दर्शाया गया है। इन एंजाइम की अभिव्यक्ति ई. कोलाई में पर्यावरण और पोषण तनाव का सामना करने पर अपरेगुलेट होती है और पोल4 द्वारा अंततः त्रुटि प्रवण डीएनए संश्लेषण से प्राकृतिक चयन हेतु अनेक जीनोमिक टेम्प्लेट बनते हैं। इस कार्यनीति से सूक्ष्मजीवों को एक प्रतिकूल परिवेश द्वारा प्रतिरोपित चयन तनाव से राहत पाने और सूक्ष्मजीवों को अनुकूलन की अनुमति मिलती है। पोल4 की उत्परिवर्ती गतिविधि का अनुमान एक उचित रेंज के अंदर लगाया गया है, क्योंकि इसमें अनेक उत्परिवर्तन आनुवंशिक जीवक्षमता में समझौता करेंगे और कुछ कम में प्राकृतिक चयन के लिए पर्याप्त जीनोटाइप प्रदान नहीं किए जाएंगे। चूंकि परिवेश में सूक्ष्मजीव रोधी एजेंटों की उपस्थिति प्रोकैरियोट के लिए अत्यधिक तनाव का एक स्रोत हैं, अतः अल्प फिडेलिटी डीपोल्स की गतिविधि जैसे पोल4 द्वारा रोगाणुजनक बैक्टीरिया में औषधि प्रतिरोधक विभेदों की उपस्थिति दिखाई देती है।



चित्र 1. डीएनए और 8oएक्सओडीजीटीपी (8o डीजी) के साथ कॉम्प्लेक्स में पोल 4 की संरचना

पोल4 पर किए गए अध्ययनों के जरिए हमारा लक्ष्य इस पर प्रकाश डालना है कि ये एंजाइम किस प्रकार उत्परिवर्तन स्थान का पर्याप्त नमूना लेना सुनिश्चित करते हैं और इस प्रकार हमारे ज्ञान को बढ़ाते हैं कि जीव किस प्रकार विकसित और अनुकूलित होते हैं। हमने पहले पोल 4 सक्रिय स्थान का एक महत्वपूर्ण गुण खोजा, जो इस एंजाइम में प्रतिस्थापन उत्परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है (शर्मा आदि, 2013, न्यूक्लिक एसिड रिसर्च, 41 : 5104)। पोल4 से फ्रेमशिफ्ट उत्परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है और वर्तमान में पोल4 की इस गतिविधि के संरचनात्मक आधार को समझने के प्रयास जारी हैं। हाल के अध्ययनों से पता लगता है कि अभिक्रियात्मक ऑक्सीजन प्रजाति (आरओएस) से बैक्टीरियानाशक एंटीबायोटिक की कोशिका घातकता में योगदान मिलता है।

जबकि यह संयोजन चुनौतीपूर्ण रहा है और यह विवादित बना रहा है। इस विवाद को सुलझाने के लिए हमने एक कार्यनीति अपनाई है जिसमें पोल आईवी शामिल है। कोशिका के न्यूक्लियोटाइड पूल आरओएस द्वारा ऑक्सीकृत हो जाते हैं और पोल आईवी क्षतिग्रस्त न्यूक्लियोटाइड को जीनोम में एकीकृत करता है (खास तौर पर 8ओएक्सओडीजीटीपी) को जीनोम में डालता है, जिसके परिणामस्वरूप बैक्टीरिया की मौत हो जाती है। संरचनात्मक (चित्र 1) और जैव रासायनिक साधनों का उपयोग करते हुए वृद्धि आमापनों के साथ हमने दर्शाया है कि पोल आईवी की 8ओएक्सओडीजीटीपी गतिविधि को निहित करने से चयनित विक्षोभ के परिणाम स्वरूप नॉरफ्लेक्सेसिन एंटीबायोटिक की उपस्थिति में बैक्टीरिया की उत्तरजीविता काफी बढ़ जाती है (कोटूर और नायर, 2016, अंजेवेंदी कैमी, 55:2397)। अतः इन अध्ययनों में दर्शाया गया है कि बैक्टीरिया में आरओएस द्वारा उद्दीपित परिवेश में मौजूद एंटीबायोटिक कोशिका की घातकता में उल्लेखनीय योगदान देते हैं।

डीएनए बेमेल मरम्मत : बेमेल मरम्मत (एमएमआर) मार्ग उन त्रुटियों के सुधार द्वारा आनुवंशिक अखंडता बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं जो द्विगुणन के दौरान उत्पन्न होती हैं। ई. कोलाई में एमएमआर के विशिष्ट घटक एमयूटीएस, एमयूटीएल और एमयूटीएच है। अधिकांश बैक्टीरिया और सभी यूकेरियोट में एमयूटीएच के समजात का अभाव होता है। अतः यह उम्मीद है कि इन जीवों में एमएमआर में, खास तौर पर स्ट्रैंड के विभेद और निक– निर्माण के संदर्भ में उल्लेखनीय अंतर दर्शाए जाएंगे। निसेरिया गोनोरिया को एक मॉडल प्रणाली के रूप में लेकर मार्ग का उपयोग करते हुए लक्ष्य उन जीवों में एमएमआर की प्रक्रिया को समझना है जो ई. कोलाई प्रतिमान का अनुवर्तन नहीं करते। निसेरिया में एमयूटीएस और एमयूटीएल समजात को क्रमशः एनजीओएस और एनजीओएल नाम दिया गया है। एमटीयूएस से प्राथमिक बेमेल सेंसर का प्रतिनिधित्व होता है और यह एक ऐसे डाइमर क्लैम्प बनाता है जो डीएनए पर घेरा बनाते हैं और इसे बेमेलों के लिए स्कैन हेतु मोड़ते हैं। वह प्रक्रिया जिससे एमयूटीएस डाइमर डीएनए पर घेरा बनता है, ज्ञात नहीं है और डीएनए को मोड़ने के लिए बल के उद्भव स्पष्ट नहीं हैं। इसके अलावा डीएनए जोडिंग प्रक्रिया के दौरान एमयूटीएस से जोड़ने वाली एटीपी बाइंडिंग की गतिशीलता के बारे में ज्ञान सीमित है। हमने कार्यात्मक एनजीओएस – डीएनए कॉम्प्लेक्स की असेम्बली की प्रक्रिया को समझा है। हमारे अध्ययन में दर्शाया गया है कि डीएनए की अनुपस्थिति में मोनोमर के बीच एक अंतराल होता है, जिसके अंदर



चित्र 2. एनजीओएस कॉम्प्लेक्स की संरचना

डीएनए केन्द्रीय टनल में प्रवेश कर सकता है (चित्र 2)। इसके बाद इनमें से एक मोनोमर लगभग 50 ए द्वारा अन्य मोनोमर की ओर बढ़ेगा तथा क्लैम्प वाले हिस्से डीएनए के आस पास एक टॉइरॉइड का पूरा निर्माण करने के लिए जोड़ते हैं। संरचनात्मक निष्कर्ष को डीएलएस अध्ययनों से समर्थन दिया गया है, जिसमें दर्शाया गया है कि डीएलए की उपस्थिति में एनजीओएस अणु सुगठित होता है। इस संरचनात्मक बदलाव के कारण, दोनों मोनोमर के एन – टर्मिनल प्रक्षेत्र डीएनए पर मुड़ने के लिए दबाव डालते हैं। एमयूटीएस डाइमर, अतः डीएनए मोड़ने के लिए प्लायर्स के जोड़े की तरह कार्य करते हैं। मोनोमर की गतिविधि को सी–टर्मिनल क्षेत्र से सुविधा मिलती है जो एक हिंज की तरह कार्य करता है और मोनोमर की गतिविधि को एटीपी बंधन स्थल पर होने वाले संरचनात्मक बदलावों से भी जोड़ता है जिसके परिणामस्वरूप नियत मोनोमर से एटीपी बाहर आता है। कुल मिलाकर इस अध्ययन में दर्शाया गया है कि डाइमर क्लैम्प के निर्माण में सक्षम डीएनए की बाइंडिंग में संरचनात्मक बदलाव होता है और डीएनए मुड़ जाता है तथा इससे डीएनए बेमेल मरम्मत की शुरूआती घटनाओं के बारे में यांत्रिक अंतर्दृष्टि मिलती है।

तनाव से उद्दीपित एपिजेनिटिक संशोधन : गैस्ट्रिक रोगाणु हेलिकोबैक्टर पाइलोरी में प्रतिबंधित संशोधन (आरएम) प्रणालियों की बहुतायत है। ये आरएम प्रणालियां प्राकृतिक ट्रांसफॉर्मेशन का नियमन करती हैं और इस सूक्ष्मजीव की जीनोमिक प्रत्यास्थता नियंत्रित होती है। कुछ डीएनए मेथिल ट्रांसफरेस (डीमेटेस) जो इन आरएम प्रणालियों का हिस्सा है, इनमें केवल प्रतिकूल परिस्थितियों में गतिविधि प्रदर्शित होती है। परिवेश में तनाव के साथ तेजी से निपटने के लिए अनुलेखन रूपरेखाओं के बदलाव में परिणामी इन एंजाइमों के कॉग्नेट क्रमों का मैथिलेशन होता है। हमारा लक्ष्य विनियामक प्रक्रियाओं को समझना है जो इन एंजाइमों को केवल विशिष्ट पर्यावरण परिस्थितियों में कार्य करने की अनुमति देते हैं।

एचपी0593 डीएमटेस् की अभिव्यक्ति कम पीएच पर रोगाणु का सामना होने से अपरेगुलेट होती है। एचपी0593 एक प्रकार 3 डीएमटेस् है जो इन एंजाइम के बीटा वर्ग का है। ये एंजाइम पीएच = 5.5 पर अनुकूल गतिविधि प्रदर्शित करते हैं और अनुमान लगाया गया है कि विभिन्न जीनों की अभिव्यक्ति को मॉड्यूलेट करते हैं जिससे अम्ल तनाव में राहत मिलती है। हमने कॉम्प्लेक्स में एचपी0593 की संरचना का निर्धारण संदमक साइन फंजिन (एसएफजी) के साथ किया है।



चित्र 3. एचपी0593 : एसएफजी कॉम्प्लेक्स की संरचना

संरचना (चित्र 3) के साथ एचपी0593 के स्थल विशिष्ट उत्परिवर्तियों के जैव रासायनिक और जैव भौतिक विश्लेषण से सुझाव मिलता है कि इस एंजाइम का एक कार्यात्मक डाइमर केवल कम पीएच पर बनता है। एचपी0593 का यह गुण सुनिश्चित करता है कि इसे अम्ल तनाव के अधीन जीव पर कार्य करने की अनुमति है।

प्रतिलेखन विनियमनः संरचना और किया विधि

युवा अन्वेषक
अमित यादव

पीएच. डी. छात्र
चंचल
प्रियजीत बनर्जी
स्वीती उपाध्याय
वैशाली उनियाल

अनुसंधान एसोसिएट
मृत्तिका सेनगुप्ता

परियोजना जेआरएफ
पंकज कुमार साहू

दीप्ति जैन
प्रधान अन्वेषक

प्रयोगशाला के अनुसंधान में बैक्टीरियल जीन अभिव्यक्ति के नियमन में शामिल मैक्रो मॉलीक्यूलर कॉम्प्लेक्स का संरचनात्मक अध्ययन शामिल है। जारी परियोजनाएं बैक्टीरियल एनहांसर बाइंडिंग प्रोटीन और प्रतिलेखन नियंत्रण हेतु उनके संबद्ध कारकों द्वारा उपयोग में लाए गए तंत्र, संश्लेषण की शुरूआत और आरएनए प्रतिलेखों को बढ़ाने के एकल उप इकाई माइटोकांड्रियल आरएनए पॉलीमेरेस द्वारा उपयोग किए गए तंत्र को समझना, एलोस्टेरिक तंत्र जो प्रतिलेखन कारकों को अल्प उपापचयन के अनुकूल बनाते हैं और दो संघटक प्रणालियों के बीच स्ट्रेस – इंड्यूस्ड मिश्रित वार्ता की प्रक्रिया को समझने पर केन्द्रित है।

बैक्टीरियल एनहांसर बाइंडिंग प्रोटीन एएए+ (विभिन्न सेलुलर क्रियाकलापों से संबद्ध एटीपेस) से संबंधित हैं जो प्रतीकात्मक रूप से ओलिगोमर बनाते हैं और उनके सबस्ट्रेस के रीमॉडल हेतु एटीपी हाइड्रोलाइसिस से ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यूकेरियोटिक अभिलेखनात्मक एक्टिवेटरों जैसे सभी बीईबीपी की मॉड्यूलर संरचना होती है जिनमें तीन पृथक कार्यशील डोमेन होते हैं। एन– टर्मिनस डोमेन विनियामक संकेतों के लिए एक लक्ष्य के रूप में कार्य करता है। सी–टर्मिनस डीएनए बाइंडिंग डोमेन में एक हीलिक्स – लूप – हीलिक्स मूल होता है और ऊर्ध्व प्रवाह क्रियाशील क्रमों को स्वीकार करता है। यद्यपि सिग्मा 54 आश्रित एक्टीवेटरों के विभिन्न डोमेनों की संरचनाएं और आरएनएवी से संबद्ध एक्टीवेटर में से एक क्रायो – इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी पुनर्निर्माण उपलब्ध हैं तथापि आरएनएपी बाइंडिंग संबंधी एक्टिवेटर में होने वाले संरचनात्मक परिवर्तनों की प्रकृति संबंधी सूचना उपलब्ध नहीं है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से, प्रोमोटर डीएनए के विघटित होने के परिणामस्वरूप बीईपीबी द्वारा एटीपी हाइड्रोलाइसिस संबंधी सिग्मा 54 आरएनएपी एलोस्टेरिक तंत्र ज्ञात नहीं है। इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए मॉडल प्रणाली के रूप में हमने स्युडोमोनास एरूजीनोसा (पीएसए) में फ्लेजलर जींस का एक मास्टर रेगुलेटर एफएलईक्यू प्रयोग किया गया है। एफएलईक्यू सिग्मा 54 आश्रित तरीके में फ्लेजलर जींस के रूख को नियंत्रित करता है और फ्लेजलर अभिलेखन कास्केड के चरमोत्कर्ष में मौजूद है। इस समय विभिन्न डोमेन के साथ निर्माण और डोमेन सम्मिश्रित अकेले अथवा एटीपी या डीएनए के साथ क्रिस्टलीकरण परीक्षण जारी हैं। बदले में एफएलईक्यू की क्रियाशीलता एफएलईएन नामक प्रोटीन द्वारा नियंत्रित होती है। एफएलईएन एक अनुमानित एटीपी/जीटीपी ग्राही प्रोटीन है जो इसकी डीएनए ग्राही क्षमता को प्रभावित किए बिना एफएलईक्यू के साथ सीधे परस्पर क्रिया करता है। एफएलईएन के उत्परिवर्तन का परिणाम होता है मल्टीफ्लेजनेटिड बैक्टीरियम जोकि फ्लेजलर जीनों के अपरेगुलेशन के कारण रसायन अनुचलनी कमियां प्रदर्शित करता है। एफएलईएन द्वारा प्रतिलेखन विनियमन की की विधियों में यांत्रिक अंतर्दृष्टि पाने के लिए एफएलईक्यू और एफएलईएन के बीच आण्विक अंतःक्रियाओं की जा रही है। एफलएईएन के कार्यात्मक रूप को समझने के लिए जो एफलएईक्यू का नियमन करता है, अकेले एफएलईएन (1.66 ऊ) और नॉन हाइड्रोलाइसेबल एटीपी एनालॉग के साथ जुड़े हुए रूप में संरचना, बी, जी – इमिडोएडिनोसाइन 5–ट्राइफॉस्फेट – एएमपीपीएनपी (1.55 ऊ) का निर्धारण किया गया है। इन दो उच्च विभेदन संरचनाओं की तुलना से प्रकट होता है कि एफएलईएन में एटीपी बंधन पर बहुत अधिक विन्यास संबंधी बदलाव होते हैं जो इसका स्थायी डाइमर बनाने में सहायक होते हैं। एफएलईएन के स्थल विशिष्ट उत्परिवर्ती जो एटीपी बंधन में विक्षोभ पैदा करते हैं, उन प्रोटीनों में परिणामी होते हैं जो एफएलईक्यू की एटीपेस गतिविधि के दुर्बल संदमक हैं। ये उत्परिवर्ती एटीपी के लिए कम बंधुता के कारण घोल में डाइमर बनाने में सक्षम नहीं होते हैं। जबकि वे उत्परिवर्तन जो एफएलईएन की

एटीपेस गतिविधि का समापन करते हैं, इनसे एफएलईक्यू की एटीपेस गतिविधि के बेहतर संदमक मिलते हैं। इससे पता लगता है कि एफएलईएन द्वारा एटीपी हाइड्रोलिसिस एफएलईक्यू के खिलाफ एंटागोनिस्टिक प्रभाव के लिए जिम्मेदार है और एंटी एक्टिवेटर प्रभाव के लिए एफएलईएन का डाइमेरिजेशन होता है। कुल मिलाकर अध्ययन से पता लगता है कि एफएलईएन में कार्यात्मक डाइमर की एटीपी से उद्दीपित संरचनात्मक रिमॉडलिंग से इसे बनाने की सुविधा मिलती है और इससे एंटी एक्टिवेटर को एक परिवर्तनीय रूप पाने में मदद मिलती है जो एक अनुकूल स्तर पर एफएलईक्यू गतिविधि का अंशांकन करता है। जीवे संरचनात्मक अध्ययनों के वर्तमान सत्यापन कम्प्लीमेंटेशन आमापनों के माध्यम से जारी हैं जिसमें इन प्रोटीनों के नॉक आउट का उपयोग स्यूडोमोनास एरुजिनोसा में किया जाता है।

परमाणु स्तर पर प्रतिलेखन की जानकारी लेने के लिए एक अन्य मॉडल प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है जो माइटोकॉन्ड्रिया से एकल उप इकाई आरएनए पॉलीमरेज है। ये एंजाइम पॉलीमरेस डीएनए आश्रित आरएनएपी के एक विशिष्ट श्रेणी के डीएनए का प्रतिनिधित्व करते हैं जोकि माइटोकांड्रिया और प्लास्टिड्स नामक फेजेस और यूकारयोट्स के ओरगानेलेस में पाए जाने वाले लघु जीनोमों के प्रतिलेखन में शामिल हैं। रोचक ढंग से माइट्रोकांड्रिया और प्लास्टिड्स के अपने जीनोम और प्रतिलेखन तंत्र होते हैं। ए. थालियना में माइटोकांड्रियल प्रतिलेखन दो एकल – उपइकाई (100 केडीए) आरएनए पॉलीमरेसेस – आरपीओटीएम और आरपीओटीएमपी द्वारा बनता है। आरपीओटीएम पादप विकास हेतु अत्यावश्यक है और माइटोकांड्रिया में मूल आरएनएपी के रूप में कार्य करता है। दूसरी तरफ आरपीओटीएमपी सामान्य वर्धक क्रय द्वारा अपरिभाषित माइटोकांड्रियल जीनों के एक उप समूह के रूप में कार्य करता है। आरपीओटीएम को विभिन्न माइटोकांड्रियल वर्धकों से प्रतिलेखन पहल के रूप में जाना जाता है परंतु इस क्षमता का संरचनात्मक आधार अज्ञात है। यह एंजाइम विविध डीएनए क्रमों को अभिज्ञात करता है, ट्रांसक्रिप्शन बबल (प्रारंभिक चरण) उत्पन्न करने के लिए डीएनए को विघटित करता है और बढ़ाने वाले एमआरएनए (दीर्घीकरण चरण) का प्रसार करता है। आरपीओटीएम के लिए इनमें से प्रत्येक अवस्था का ब्यौरा ज्ञात नहीं है। एटीआरपीओटीएम एक 976 अमीनो अम्ल युक्त प्रोटीन है। एन टर्मिनल पर 42 अमीनो अम्लों की माइटोकांड्रियल लक्षित पेप्टाइड है। एआईआरपीओटीएम के दो डोमेंस होते हैं एन टर्मिनल डोमेन और सी टर्मिनल डोमेन। ये एंजाइम क्लोन और अभिव्यक्त तथा शुद्ध किए गए और ये पात्रे प्रतिलेखन का निष्पादन करने में सक्षम हैं, जबकि कैटालाइटिक उत्परिवर्ती निष्क्रिय होता है। संरचना के पूर्वानुमान के आधार पर एंजाइम का एक विलोपन कंस्ट्रक्ट, जिसमें एन टर्मिनस से 56 अवशेषों का अभाव होता है, इसे बनाया गया है। यह नया कंस्ट्रक्ट वन्य प्रकार के एंजाइम की तुलना में बेहतर उत्पादकता देता है। विलोपन कंस्ट्रक्ट पात्रे आमापनों में कैटेलेटिक दृष्टि से भी सक्रिय है। क्रिस्टलाइजेशन के परीक्षण पूरी लंबाई वाले एंजाइम और विलोपन कंस्ट्रक्ट दोनों के लिए शुरूआत और दीर्घीकरण दोनों के लिए जारी हैं।

एलोस्टरी को मौलिक प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें लिगैंड अथवा संवेदन ग्राही मोलक्यूल की अनिवार्यता दूरस्थ स्थान पर प्रोटीन की क्रियाशीलता को परिवर्तित करती है। प्रतिलेखन मोड्लेटरों के मामले में संवेदनग्राही अनिवार्यता या तो सादृश्यता (उत्प्रेरण) को बढ़ा सकती है अथवा डीएनए (अवसाद) की सादृश्यता में कमी कर सकती है जिससे जीन अभिव्यक्ति बदल जाती है। इस प्रकार प्रतिलेखन मॉड्यूलेट मॉलीकुलर स्विचों के रूप में कार्य करते हैं। जो जीनों की अभिव्यक्ति को शुरू या बंद करते हैं। एआरएआर प्रोटीन बेसिलस सबटिलिसि में एल

अराबिनोस चयापचय की मुख्य नियंत्रक प्रोटीन है। एआरएआर में दो स्वतंत्र डोमेन बनते हैं जो अलग–अलग कार्यों को प्रदर्शित करते हैं और प्रोटीनों के अलग–अलग परिवार से संबंधित हैं। अपेक्षाकृत छोटा एन – टर्मिनस डोमेन (एनटीडी) जो डीएनए ग्रहण करने की क्षमता को बनाए रखता है, में विंग्ड हेलिक्स – टर्न – हेलिक्स मूल होते हैं और वृहत सी–टर्मिनस डोमेन (सीटीडी) एल–अराबिनोस ग्रहण करता है तथा एलएसीएल / जीएएलआर परिवार से संबंधित है। एल अराबिनोस की अनुपस्थिति में, एआरएआर प्रचालक क्रम को ग्रहण करता है और मेटाबोलिक जीनों की अभिव्यक्ति को रोकता है। अनुमानतः एल–अराबिनोस जो प्रतिलेखन पहल के परिणामस्वरूप सजातीय प्रचालकों से इसे मुक्त करता है, को ग्रहण करने पर एआरएआर में सदृश परिवर्तन होते है; एल–अराबिनोस के साथ सम्मिश्रित होकर एआरएआर और डीएनए के साथ सम्मिश्रित होकर एनटीडी के सी – टर्मिनल डोमेन की क्रिस्टल संरचनाएं ज्ञात हैं। हमने अभी हाल ही में एल– अराबिनोस के साथ सम्मिश्र में पूर्ण लंबाई वाले एआरएआर को क्रिस्टलीकृत किया है। 3.2ए उपशमन पर एक्सरे विवर्तन आंकड़े एकत्र किए गए थे। ये क्रिस्टल स्पेस ग्रुप पी2के हैं। इस समय संरचना विघटन प्रगति पर है और डीएनए से संबद्ध पूर्ण लंबाई वाले एआरएआर क्रिस्टल प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इन आंकड़ों से एआरएआर में एलोस्टेरिक तंत्र के लिए संरचनात्मक आधार की पूरी जानकारियां उपलब्ध होंगी जो अराबिनोस ग्रहणशीलता संबंधी विशिष्ट डीएनए पहचान को समाप्त करती हैं।

प्रयोगशाला में अनुसंधान कार्यक्रम द्वारा इसे संबोधित किया गया है कि पर्यावरण के संकेतों को बैक्टीरिया द्वारा कैसे ग्रहण किया जाता है। दो संघटक प्रणालियां वे संकेतन पथ हैं जो बैक्टीरिया को पीएच, पोषक तत्वों, एंटीबायोटिक दबाव आदि जैसे पर्यावरणीय संकेतों की विविध श्रृंखलाओं की अनुभूति करने और प्रतिक्रिया दिखाने के लायक बनाते हैं। विशिष्ट दो संघटक प्रणाली में एक सेंसर हिस्टीडाइन काइनेस (एस) और एक कॉग्नेट रिस्पॉन्स रेगुलेटर (आर) शामिल है। यह हिस्टीडाइन किनासे संकेत प्राप्त करता है जो प्रणाली को सक्रिय करता है जबकि रिस्पॉन्स रेगुलेटर प्रायः डीएनए ग्राही प्रतिलेखन संबंधी रेगुलेटर होता है। हिस्टीडाइन का एक्टीवेशन डोमेन और रिस्पॉन्स रेगुलेटर का रिसीवर डोमेन पूर्णतया संरक्षित हैं जिसके फलस्वरूप कभी कभी एक विनियामक प्रणाली दूसरे के रेगुलेटर को सक्रिय करती है। इस घटना को ''दो संघटक प्रणालियों की परस्पर वार्ता'' के नाम से जाना जाता है।

वीआरएएसआर (वैंकोमाइसिन रेजिस्टेंस एसोसिएटिड) प्रणाली स्टेफिलोकोकस ऑरियस में एक विशिष्ट दो संघटक प्रणाली है जिसमें वीआरएएस सेंसर हिस्टीडाइन किनासे

है और वीआरएआर रिस्पॉन्स रेगुलेटर है। पहले ऐसा देखा गया था कि वीआरएएस की निष्क्रियता के परिणामस्वरूप वैंकोमाइसिन जैसे ग्लाइकोपेप्टाइड एंटीबायोटिक्स की सहनशीलता बढ़ गई थी जिससे यह संभावना बनी कि रिस्पॉन्स रेगुलेटर एक वैकल्पिक किनासे संभवतः जीआरएएस द्वारा सक्रिय किया जा रहा था। जीआरएएस, जीआरएसआर (ग्लाइकोपेप्टाइड रेजिस्टेंस एसोसिएटिड) दो संघटक प्रणाली का एक भाग हैं। वीआरएएसआर और जीआरएएसआर विनियमन के बीच परस्पर वार्ता के लिए जिम्मेदार अंतःक्रियाओं की सघन संरचनात्मक जांच इस परियोजना का लक्ष्य है। खास तौर पर जीआरएएक्स की भूमिका से संवीक्षा के अधीन वीआरएएसआर और जीआरएएसआर रेगुलॉन के बीच परस्पर वार्ता के संकेतों की संचार में भूमिका। जीआरएएक्स नॉक आउट स्टेहस के उत्परिवर्ती विभेद तैयार किए गए हैं। जैसी उम्मीद है उत्परिवर्ती स्टेवास वेंकोमाइसिन और ऑक्सेसिलिन जैसे एंटीबायोटिक के लिए संवेदनशील है। यह सत्यापित करने के लिए कि यह जीआरएक्एस दो घटक वाली दो प्रणालियों के बीच परस्पर वार्ता की मध्यस्थता के लिए संभावित प्रत्याशी है, इस उत्परिवर्तन के प्रभाव का विश्लेषण वीआरएएसआर तथा जीआरएएसआर रेगुलॉन दोनों के तहत जीन के साथ क्यूआरटी–पीसीआर का उपयोग करते हुए किया गया। डेटा में दर्शाया गया है कि जीआरएएक्स को विलुप्त करने से वीआरएएसआर तथा जीआरएएसआर जीनों दोनों पर असर होता है। जीन अभिव्यक्ति विश्लेषण वेंकोमाइसिन तनाव की उपस्थिति में दर्शाते हैं कि दोनों रेगुलॉन के तहत कोशिका भित्ति के चयापचय में शामिल जीन रेगुलेट किए गए थे। इसके अलावा यह देखा गया कि जीआरएक्स उत्परिवर्ती डब्ल्यूटीएसटीए की तुलना में बायोफिल्म बनाने के लिए अधिक संवेदनशील था। वीआरएएसआर और अन्य दो घटक प्रणालियों की भूमिका एसटीए में बायोफिल्म निर्माण के नियमन में मापी जाएगी। इन अंतःक्रियाओं का संरचनात्मक लाक्षणीकरण संगत प्रोटीनों के सह क्रिस्टलीकरण द्वारा कराया जाता है ताकि दो घटकों वाली दो प्रणालियों के बीच एस. ऑरियस में एंटीबायोटिक प्रतिरोधकता को रोका जा सके। एस. ऑरिस में एंटीबायोटिक प्रतिरोधशक्ति मृत्यता और स्वास्थ्य देखरेख व्यय के मुख्य कारणों में से एक है।

अतः ऐसी प्रतिरोधशक्ति का माध्यम बनने वाले सम्मिश्र विनियामक नेटवर्कों को समझना अति आवश्यक है। इस कार्य से एसटीए में ग्लाइकोपेप्टाइड सहनशीलता में वृद्धि हेतु जिम्मेदार अनुमानित नेटवर्क का पता लगाने में सहायता मिलेगी।

एक बायोट्रॉफिक पैथोजीन द्वारा मेजबान प्रतिरक्षा और पोषक तत्वों के आवंटन का मॉड्यूलेशन

युवा अन्वेषक
राशि गुप्ता

पीएच. डी. छात्र
मेघा गुप्ता
अरूणिमा गुप्ता
आकृति शर्मा
पंकज कुमार

पोस्टडॉक्टरल अध्येता
गुंजन शर्मा (एसईआरबी नेशनल पीडीएफ)

दिव्या चंद्रन
प्रधान अन्वेषक

अनुसंधान कार्यक्रम का उद्देश्य यह जानना है कि कैसे बाध्य बायोट्रोफिक चूर्णमय कवक रोगजनक परपोषी बचाव प्रतिक्रियाओं को सीमित करते समय पोषण प्राप्त करने के लिए सजीव पादप परपोषियों को उपयोग में लाते हैं। अध्ययन का लक्ष्य मेजबान प्रतिरक्षा आण्विक, कोशिकीय और आनुवंशिक आधार को समझना है और इसमें चूर्णमय कवक एरिसिफी पिसी और इसके लेग्यूम मेजबानों, मेडिकागो ट्रंकेटुला और मटर के बीच अंतःक्रिया के अध्ययन द्वारा इसकी संवेदनशीलता को समझना है।

अनुसंधान का प्रधान लक्ष्य मेजबान प्रक्रियाओं और चूर्णमय कवक (पीएम) को माध्यित करने के प्रक्रम घटकों की प्रतिरोधकता और संवेदनशीलता कारकों की पहचान करना है जो लैग्यूम – पीएम अंतःक्रिया में स्थायी बायोट्रॉफिक वृद्धि के लिए आवश्यक हैं। समवर्ती रूप से इसका लक्ष्य यह समझना भी है कि आश्रित बायोट्रोफ से इसके लाभ के लिए मेजबान प्रक्रम किस प्रकार मॉड्यूलेट करता है। यह अनुमान लगाया गया है कि इन कारकों के संयोजन पर लक्षित होने से टिकाऊ प्रतिरोधकता में योगदान तथा नाटकीय रूप से रोगाणु प्रवर्धन में कमी आएगी, जिससे रोगाणु के प्रति विकास द्वारा तेजी से उबरने की कम संभावना है। मॉडल रोगाणु प्रणाली का उपयोग करते हुए निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्यों के अनुसार कार्य किया जाएगा : 1. नवीन संक्रमण स्थल विशिष्ट परपोषी संघटकों, सेलुलर प्रक्रियाओं और चूर्णमय फफूंदी प्रचुरोद्भवन को प्रभावित करने वाले रोगजनक संवेदन ग्राहियों को अभिज्ञात करना। 2. मेजबान–पीएम अंतःक्रियाओं में निहित आधारभूत रक्षा और इफेक्टर से शुरू होने वाली इम्युनिटी (ईटीआई) की प्रक्रियाओं की जांच। 3. मेजबान – बायोट्रॉफ इंटरफेस पर मुख्य कारक माध्ययित कार्बन (आरई) आबंटन को समझना। 4. पीएम इफेक्टर प्रत्याशियों की पहचान और उनके मेजबान लक्ष्य। चूर्णमय कवक लैग्यूम का एक महत्वपूर्ण रोग है, जो भारत और अन्य विकासशील देशों में उपभोग की जाने वाली महत्वपूर्ण खाद्य फसल का प्रतिनिधित्व करती है। पीएम कवक बाध्य बायोट्रॉफिक रोगाणु है जो केवल जीवित पादप कोशिकाओं पर बढ़ता है। ये मेजबान कोशिकीय संरचना और चयापचय को मॉड्यूलेट करते हैं तथा पोषक तत्वों को अपनी वृद्धि तथा प्रजनन के लिए इस्तेमाल करते हैं जबकि मेजबान की रक्षा प्रतिक्रियाओं को सीमित बनाते हैं। यह रोग एक पत्तियों, तने और फलों की सतह पर सफेद पाउडर की विशेषता के रूप में प्रकट होता है। पीएम कवक अपने मेजबानों के साथ हॉस्टोरिया नामक विशेष अंग के निर्माण द्वारा मेजबान की एपिडर्मल कोशिकाओं के अंदर दीर्घ अवधि आहार संबंध बनाता है। हॉस्टोरियम, एक्स्ट्राहास्टोरियल मैट्रिक्स और एक्स्ट्राहास्टोरियल मेम्ब्रेन को शामिल करके हॉस्टोरियल सम्मिश्र का विकास 24 एचपीआई के भीतर दिखाई देता है। कवक की आगे वृद्धि और पुनरुत्पादन से वायवीय एपिडर्मल ऊतक पर 5 डीपीआई सतही (कोनिडियोफोरस डब्ल्यू / कोनिडिया) का विकास होता है। लगभग 7 डीपीआई पर संक्रमित पत्तियों पर चूर्णमय सफेदी केवल आंखों से स्पष्ट दिखाई देती है। हवा में फैला असेक्सुअल कोनिडिया शीघ्रता से नए संक्रमण फैलाता है। वर्तमान रासायनिक विधियों से दूर के नियंत्रण पर उपयोग करना न तो किफायती है और न ही पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी है। रोग पर नियंत्रण के लिए नवाचारी जैव प्रौद्योगिकी कार्यनीतियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है कि इसमें निहित लैग्यूम – पीएम अंतःक्रियाओं की प्रक्रियाओं को समझा जाए।

मॉडल लैग्यूम मेडिकागो ट्रंकेटुला लैग्यूम में रोग जीव विज्ञान को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है जो इसके छोटे डिप्लॉइड क्रम जीनोम, सिंटेनी / सह रेखीयता के उच्च स्तर के साथ महत्वपूर्ण खाद्य लैग्यूम में पाया जाता है और पीएम प्रतिरोधक तथा संवेदनशील जीनोटाइप की उपलब्धता और प्रतिकूल आनुवंशिक अध्ययनों के लिए उत्परिवर्ती आबादी पर कार्य किया गया है। एम. ट्रंकेटुला आरोहण से पीएम रोगाणु एरिसिफी पिसी के एक भारतीय आइसोलेट की प्रतिरोधकता / संवेदनशीलता की विविध डिग्री प्रदर्शित होती है, जिन्हें अन्य प्रयोगशालाओं द्वारा पहले पहचाना गया था। इस अध्ययन में पहचाने गए उच्च प्रतिरोधक जीनोटाइप से पहले रोगाणु के अन्य आइसोलेट के साथ उच्च प्रतिरोधक की समानता दर्शाई गई थी। अब तक के आनुवंशिक अध्ययनों में चार प्रतिरोधक लोकाई को पहचाना गया है जो इस जीनोटाइप में आइसोलेट विशिष्ट पीएम प्रतिरोधकता में योगदान देते हैं। 3 प्रतिरोधक लोकाई के लिए प्रतिरोधकता प्रदान करने वाली जीनों की सही पहचान का निर्धारण नहीं किया गया है। जबकि चौथी के लिए प्रतिरोधकता को आर प्रोटीन कोड करने वाली एकल जीन तक पहचाना गया है। आर प्रोटीन में न्यूक्लियोटाइड बाइंडिंग और ल्यूसिन समृद्ध रिपीट डोमेन (एनबी–एलआरआर) निहित है और ये इफेक्टर से आरंभ होने वाली इम्युनिटी (ईटीआई) में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं। ईटीआई उन पौधों में रक्षा की दूसरी कतार है जहां रोगाणु के रोगजनक कारकों (इफेक्टर) की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष पहचान पादप आर प्रोटीन द्वारा आरओएस के उत्पादन को उद्दीपित करती है, पादप रक्षा हार्मोन सेलीसिलिक एसिड (एसए) का प्रेरण तथा रक्षा संबंधी जीनों के बड़े पैमाने पर प्रतिलेखन रिप्रोग्रामिंग से आम तौर पर एक अति संवेदनशील प्रतिक्रिया (एचआर) होती है। ई. पिसी आइसोलेट के सूक्ष्मदशी मूल्यांकन से उच्च प्रतिरोधक एम. ट्रंकाटुला जीनोटाइप की उच्च प्रतिरोधकता द्वारा दर्शाया गया है कि ई. पिसी की वृद्धि ऑस्टोरियम निर्माण के पहले ही रोक दी जाती है। पुनः, आरंभिक आमापन में दर्शाया गया है कि हाइड्रोजन परॉक्साइड और एसए अंतःक्रिया के शुरूआती चरण पर संक्रमित पत्तियों में संक्षिप्त होते हैं, जो आरंभिक आर जीन माध्यित ऑक्सीडेटिव बर्स्ट और रक्षात्मक प्रेरण के सुसंगत होते हैं। इस प्रतिरोधक प्रतिक्रिया के विनियामकों की पहचान के लिए आण्विक और आनुवंशिक साधन पर वर्तमान में कार्य किया जा रहा है।

पीएम अंतःक्रिया पर मेजबान प्रतिक्रियाएं प्रारूपिक तौर पर कुछ कोशिकाओं पर स्थानीकृत होती हैं जो कवक हॉस्टोरियम युक्त पादप कोशिका के आस पास पाए जाते हैं। लेजर कैप्चर माइक्रो डिसेक्शन (एलसीएम) के साथ अगली पीढ़ी की सिक्वेंसिंग को संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए पता लगाने के नए मेजबान जीनों और संक्रमण में परिवर्तित अभिव्यक्ति के साथ रोगाणु इफेक्टर पर इस्तेमाल किया जार हा है। एलसीएम के लिए पादप ऊतकों को संरक्षित मेजबान कोशिका आकारिकी में अनुकूलित रूप से नियत किया जाता है (संक्रमण स्थलों की पहचान के लिए) और आरएनए की अखंडता (डाउनस्ट्रीम एक्सप्रेशन प्रोफाइलिंग के लिए)। तीन रासायनिक फिक्सेटिव, जो हैं फार्मेस फिक्सेटिव, मैथेनोल और एसिटोन की तुलना ई. पिसी से संक्रमित और असंक्रमित मेडीकेगो पत्ती के ऊतकों को तैयार करने के लिए पैराफिन विधि का उपयोग किया गया। फार्मस फिक्सेटिव और मेथेनॉल के साथ पत्ती की आंतरिक संरचना का सबसे अधिक परिरक्षण किया गया। पुनः, कवक होस्टोरिया संक्रमित पत्ती के सेक्शनों की एपिडर्मल कोशिकाओं के अंदर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। ऊतक तैयार करने के कई चरणों पर आरएनए उत्पादाकता, शुद्धि और अखंडता की भी जांच की गई। यह पाया गया था कि आरएनए उत्पादकता और शुद्धि

पैराफिन एम्बेडिंग के बाद के अलावा ऊतक तैयार करने के सभी चरणों पर अनुकूलतम थी। वर्तमान में, आरएनए स्थिरीकरण के घोल इस चरण के दौरान यह जानने के लिए निहित किए जा रहे हैं कि क्या ये आरएन अखंडता को परिरक्षित कर सकते हैं।

बायोट्रोफिक रोगाणु जैसे पीएम कवक पोषक तत्वों का अधिग्रहण करते हैं, खास तौर पर शुगर, जो वे अपने मेजबान से हॉस्टोरिया के जरिए लेते हैं। ये संरचनाएं मेजबान और कवक के बीच एक एपोप्लास्टिक इंटरफेस बनाती हैं, जिसके जरिए मेजबान द्वारा छोड़े गए पोषक तत्व रोगाणुओं द्वारा ग्रहण किए जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप एक स्रोत से सिंक तक का बदलाव संक्रमित मेजबान ऊतकों में बढ़ाया जाता है, शुगर के परिवहन में बदलाव आता है और समग्र पौधे के स्तर पर कार्बन का विभाजन होता है। पीएम रोगाणु को पोषक तत्व प्रदान करने में एक भूमिका निभाने के साथ शुगर ट्रांसपोर्टर को पहचानने के लिए शुगर ट्रांसपोर्टरों के पादप स्वीट परिवार की पहले जांच की गई थी। स्वीट (शुगर अंततः ट्रांसपोर्टर को भेजी जाएगी) शुगर एफ्लक्स ट्रांसपोर्टरों का परिवार है, जिसे हाल ही में रोगाणु पोषण में निहित किया गया है। उदाहरण के लिए जेंथोमोनास प्रजाति के बैक्टीरियल रोगाणु जो चावल में बैक्टीरियल ब्लाइट रोग पैदा करते हैं, स्वीट ट्रांसपोर्टर मेजबान शुगर आरक्षित भंडार तक पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि जब स्वीट फंक्शन को रोक दिया जाता है। तो रोगाणु की रोगजनकता और वृद्धि भी कम हो जाती है। यह भी हाल में उभर कर पता लगा है कि जेंथोमोनेड के अलावा अन्य बैक्टीरियल और कवक रोगाणु (पीएम सहित) पादप स्वीट जीन की अभिव्यक्ति का मॉड्यूलेशन करते हैं। एक जैव सूचना विज्ञान मार्ग का उपयोग करते हुए 24 स्वीट प्रत्याशियों को एम. ट्रंकेटुला में पहचाना गया था, जिनमें से 13 को पत्ती के ऊतक में देखा गया था। इन 13 प्रत्याशियों के अभिव्यक्ति के पैटर्न विभिन्न समय बिन्दुओं पर ई. पीसी संक्रमण के बाद परखे गए जिसमें मात्रात्मक वास्तविक समय पीसीआर (क्यूपीसीआर) का उपयोग किया गया। एमटी. स्वीट अभिव्यक्ति विश्लेषण के पहले पत्ती के नमूनों के कवक संक्रमण का उपयोग विश्लेषण हेतु करते हुए कवक विशिष्ट प्रोटॉन एटीपेस जीन (पीएमए) की अभिव्यक्ति की जांच की गई तथा एक मेजबान विशिष्ट मार्कर के संक्रमण की प्रक्रियाओं, रोगाणुजनन संबंधी प्रोटीन 10 (पीआर 10) का पता लगाया गया। जैसी कि उम्मीद थी ईपीपीएमए अभिव्यक्ति का पता केवल संक्रमित नमूनों में लगा जबकि पीआर10 अभिव्यक्ति संक्रमित नमूनों में अपरेगुलेट हुई थी। क्यूपीसीआर विश्लेषण में दर्शाया गया कि अधिकांश एमटी स्वीट की अभिव्यक्ति या तो अपरिवर्तित थी या ई.पिसी संक्रमण होने पर इसके संक्रमण के बाद हर समय उल्लेखनीय रूप से डाउन रेगुलेट हुई। एमटी स्वीट के लिए पूरी पत्ती की अभिव्यक्ति के विश्लेषण किए जाएंगे, इन जीनों की अभिव्यक्ति की जांच एलसीएम का उपयोग करते हुए संक्रमण के स्थल पर किया जाएगा। पुनः, एमटी स्वीट की भूमिका और / या अन्य शुगर ट्रांसपोर्टर प्रत्याशियों का कार्यात्मक लाक्षणीकरण प्रतिकूल आनुवंशिक मार्गों द्वारा किया जाएगा।

प्रतिरोधक और संवेदनशील लैग्यूम में निहित जीन विनियामक नेटवर्क उत्पन्न करने के लिए – पीएम अंतःक्रिया और अंतःक्रियाओं के साथ जुड़े नए मार्गों / जीनों की पहचान के लिए हमने गैर पक्षपातपूर्ण, खोज आधारित दोहरे एमआरएनए के आरएनएसेक और माइक्रो आरएनए (एमआईआरएनए) का निष्पादन किया है। एमआईआरएन छोटे आरएनए अणु (लगभग 22 एनटी) हैं जो लक्ष्य एमआरएनए के साथ अंतःक्रिया द्वारा जीन नियमन को माध्यित करने के साथ लक्ष्य एमआरएनए के ट्रांसलेशन का संदमन और / या विभाजन की शुरूआत करते हैं। एमआईआरएन द्वारा अनेक जैविक और अजैविक तनावों की प्रतिक्रिया स्वरूप पौधों में जीन अभिव्यक्ति का नियमन दर्शाया गया है जिसमें पीएम संक्रमण शामिल है।

दो एम. ट्रंकेटुला जीनोटाइप की वैश्विक एमआरएनए और एमआईआरएनए अभिव्यक्ति के साथ विपरीत पीएम प्रतिरोधकता वाले फीनोटाइप तैयार किए गए ताकि संवेदनशीलता कारकों से मेजबान रक्षा प्रतिक्रिया का विच्छेदन किया जा सके। पुनः, इस अवधारणा पर आधारित आरंभिक संक्रमण समय बिन्दु (1 डीपीआई) चुना गया था कि रक्षात्मक प्रतिक्रिया प्रतिरोधक (आर) जीनोटाइप में अब भी सक्रिय होगी, जबकि पोषण अधिग्रहण की शुरूआत संवेदनशील (एस) जीनोटाइप में की जाएगी। नमूना जमा करने से पहले दोनों जीनोटाइप के सूक्ष्मदर्शी मूल्यांकन और रोगाणु वृद्धि की मात्रा ज्ञात करने का कार्य किया गया। ई. पिसी तांडा की वृद्धि को 1 डीपीआई पर अनेक लोब आर जीनोटाइप पर वाले एप्रसोरियम चरण पर रोका गया, जबकि यह रोगाणु प्राथमिक होस्टोरियम और एस. जीनोटाइप पर द्वितीयक हाइफा बनाने में सक्षम था। इसके अलावा पत्ती के नमूनों के कवक संक्रमण का सत्यापन संक्रमण के विशिष्ट मेजबान मार्करों का उपयोग करते हुए कवक के साथ किया गया। ईपीपीएमए की छः गुना अधिक अभिव्यक्ति संक्रमित एस नमूनों में 1 डीपीआई पर आर की तुलना में देखी गई थी। इसके विपरीत मेजबान रक्षा मार्कर पीआर10 एस की तुलना में आर जीनोटाइप से अधिक था। कवक और मेजबान ट्रांसक्रिप्टोम दोनों की रूपरेखा के लिए आवश्यक गहराई के क्रम का अनुमान लगाने के लिए सापेक्ष रूप से मेजबान और कवक राइबोसोमल आरएनए (आरआरएनए) के लिए आवश्यक था जिसमें क्यूपीआरसी का उपयोग करते हुए दो नमूनों में कार्य किया गया। संक्रमित आर नमूनों में कवक और मेजबान आरआरएनए की भरपूर मात्रा क्रमशः लगभग2 प्रतिशत और 98 प्रतिशत थी। इन परिणामों के आधार पर इल्यूमिना हाइ सैक प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए जोड़े में और डीप सिक्वेंसिंग की गई और वर्तमान में इस डेटा का विश्लेषण किया जा रहा है।

विभिन्न रोगों की स्थितियों में थ्रोम्बोसिस, शोथ और प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया की पैथोफिलियोलॉजी

सहयोगी
तुलिका सेठ (एम्स)
नवल के. विक्रम (एम्स)
परवैज कॉल (एसकेआईएमएस)
सुबोध कुमार, (एम्स ट्रॉमा सेंटर)
जे. सी. सूरी (सफदरजंग अस्पताल)
एम के सेन (सफदरजंग अस्पताल)
सत्यजीत रथ (एनआईआई)
विनीता बाल (एनआईआई)
शिंजिनी भटनागर (टीएचएसटीआई)
सुधांशु व्रती (टीएचएसटीआई)
पी. थेगराजन (बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन)
युआनडोंग पेंग (बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन)
जोसेफ टी. प्रचल (यूनिवर्सिटी ऑफ उटाह)

युवा अन्वेषक
शीतल चावला

पीएच. डी. छात्र
अमृता ओझा
अंगिका भाष्यम
गौतम के अन्नारपु
राशि सिंघल
सुलगना भट्टाचार्य
निशीथ श्रीमाली
सेबल साहा

प्रसेनजीत गुच्छैत
प्रधान अन्वेषक

अनुसंधान कार्यक्रम में विभिन्न रोगों और तनाव की स्थितियों में प्रॉकोगुलेशन, शोथ, थ्रोम्बोसिस एवं प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की जटिल पैथोफिजियोलॉजी की जांच की जा रही है। मौजूदा अनुसंधान परियोजनाओं का उद्देश्य है निम्नलिखित तंत्रों को समझना हैः 1. एसपैराक्सीमल नॉक्टरनल हीमोग्लोबिन्युरिया (पीएनएच), एप्लास्टिक एनीमिया (एए), सिकल सेल रोग (एससीडी) और होमोलेटिक यूरेमिक सिंड्रोम (एचयूएस) रोग में अंतः संवहनी रक्तावघटन द्वारा थ्रोम्बोइन्फलामेटरी जटिलताओं का नियमन; 2. दुर्घटनावश आघात में प्रणालीगत प्रदाह का विकास : इंट्रावेस्कुलर रक्तापघटन की भूमिका; 3. प्रोकॉगलेशन एवं थ्रोमबोसिस का हाइपोबेटिक हाइपोक्सिया नियमन एवं स्थानीय पहाड़ी इलाकों की प्रतिरक्षा क्रियाविधि; 4. डेंगू संक्रमण में थ्रोमबोसायटोपीनिया की पैथोफिजियोलॉजी 5. पूरक फैक्टर एच (सीएफएच) – संबद्ध प्रोटीन 1 (सीएफएचआर1) और इम्युनिलॉजिकल सहनशीलता को बनाए रखने में इसकी भूमिका; और 6. नवजात प्रतिरक्षा प्रणाली का विकास एवं कार्य मूलक विशेषताओं की व्याख्या करना।

हाल के अध्ययन में बताया गया है कि प्लेटलेट की सतह पर उद्दीपित प्लेटलेट सक्रियण और सांद्रता आधारित रूप में एपॉप्टॉसिस पर ग्लाइकोप्रोटीन 1 बीए पर एचबी की बाइंडिंग होती है और इससे प्रोथ्रोम्बोटिक जटिलता को बढ़ावा मिलता है। पीएनएच रोगियों के डेटा से दर्शाया गया है कि इंट्रावेस्कुलर रक्तापघटन, प्लेटलेट सक्रियण और प्रो थ्रोम्बोटिक घटनाओं में उल्लेखनीय सह संबंध है (सिंघल आदि 2015)। अध्ययन में दर्शाया गया है कि शरीर क्रियात्मक प्रवाह शीयर तनाव से उद्दीपित शिरा और धमनी में रक्त प्रवाह में प्लेटलेट थ्रोम्बस निर्माण एचबी से उद्दीपित होता है (अन्नारापु आदि 2016)। पुनः हमने दर्शाया है कि वॉन विलीब्रैंड फेक्टर (वीडब्ल्यूएफ) के सक्रिय स्थल पर जुड़े एचबी, जैसा कि ईसीएमओ डायलिसिस युक्ति में पात्रे रूप में देखा गया है (डा आदि 2015)। अध्ययन में बताया गया है कि एचबी, सिकल एचबी (एचबीएस) के उत्परिवर्ती उप प्रकार से जुड़े प्लेटलेट तथा प्लेटलेट थ्रोम्बस निर्माण को बढ़ाते हैं। एचबीएस माध्यित प्लेटलेट सक्रियण उल्लेखनीय रूप से सिकल रोगियों में प्रोथ्रोम्बोटिक मार्करों के साथ सह संबंधित होता है (अन्नारापु आदि 2016) (संचार में)। अध्ययन में मुक्त एचबी की थ्रोम्बो इंफ्लेमेटरी की भूमिका को भी जांचा गया है। अध्ययन में देखा गया कि एचबी सक्रिय प्लेटलेट को ग्रहण करने से क्लासिकल मोनोसाइट (सीडी14) बड़ी संख्या में इंफ्लेमेटरी लिनिएज (सीडी16) की ओर अंतरित किए गए थे। सीडी16 कोशिकाएं अत्यधिक थ्रोम्बोजेनिक थी। इन कोशिकाओं में तेजी से कोशिका मृत्यु से बड़ी मात्रा में प्रो–थ्रोम्बोटिक / इंफ्लेमेटरी कारकों की निर्मुक्ति कोशिका बाह्य स्थल में दर्शाई गई। पुनः पात्रे अवलोकनों को पीएनएच तथा सिकल सेल रोगियों के डेटा से समर्थन दिया गया, सिंघल आदि 2016 (संचार में)। हमने हिमोलाइटिक परिस्थितियों में मोनोसाइट के अवकलन की भी जांच की हैं हमने देखा है कि एचबी सक्रिय प्लेटलेट को लेने से पीएचपी1 कोशिकाएं 24 घण्टों के अंदर (सामान्य कोशिकाओं को 48 घण्टे का समय लगा) और ये परिपक्व एम1 मैक्रोफेज (प्रो इंफ्लेमेट्री)

उप प्रकार में बदल गई। एम 1 मैक्रोफेज में क्षतिग्रस्त फैगोसाइटोसिस (अर्जित नैक्रोसिस 48 घण्टों के अंदर प्रोइंफ्लेमेट्री साइटोकाइन तथा ऊतक कारक की पर्याप्त मात्रा निर्मुक्त की गई। इसी प्रकार प्राथमिक मोनो साइट में भी तेजी से एम1 में अवकलन से परिवर्तित फीनोटाइप और कार्य देखे गए जब इनमें एचबी सक्रिय प्लेटलेट का अंतर्ग्रहण किया गया, चावला आदि 2016 (पांडुलिपि तैयार की जा रही है)। पुनः हम एए और पीएनएच के रोगियों में इनेट तथा अनुकूलित प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया के विभिन्न पक्षों में इंट्रावेस्कुलर हिमोलाइसिस की भूमिका की भी जांच कर रहे हैं।

मोनोसाइट और न्यूट्रोफिल पर एचबी के प्रभाव की जांच करते हुए इन कोशिकाओं की अति सक्रियता देखी गई और इसके बदले इनसे प्रोइंफ्लेमेट्री साइटोकाइन पात्रे रूप से निर्मुक्त हुए। अध्ययन में यह भी देखा गया कि इन उपचारित कोशिकाओं को सक्रिय बनाने के बाद सुपर नेटेंट में हाल में जांचे गए काउंटर पार्ट तथा अन्य प्रतिरक्षी कोशिकाओं सहित डेंड्रिटिक कोशिकाएं, टी और बी लिम्फोसाइट पात्रे रूप में देखे गए। चूंकि यांत्रिक चोट से बड़ी मात्रा में कोशिका मुक्त एचबी को अभिघात वाले रोगी में चोट के स्थान पर एक्स्ट्रा वेस्कुलर स्थान में निर्मुक्त होती है, इसलिए हमने चोट के स्थान से न्यूट्रोफिल और मोनोसाइट्स के फीनोटाइप और कार्यों पर एचबी के प्रभाव की जांच का निर्णय लिया। इन इंफ्लेमेट्री कोशिकाओं द्वारा निर्मुक्त साइटोकाइन को और मुक्त एचबी को भी कोशिका के बाहर वाले स्थलों पर मापा जाता है। जांच का अंतिम फोकस – चोट के स्थल पर कुछ रोगियों में स्थायी इंफ्लेमेशन कैसे होता है, जिससे कायिक इंफ्लेमेशन का विकास होता है, क्या मुक्त एचबी और / या प्लेटलेट कारक उपरोक्त प्रक्रियाओं में योगदान देते हैं।

हाइपॉक्सिया प्रतिक्रियाशील जीन ईजीएलएन–1 (सी12जी और जी380 सी) और अत्यधिक ऊंचाई पर रहने वाले तिब्बत के निवासियों में घटे हुए एरिथ्रोपोइसिस के साथ इसका संबंध (लोरंजो आदि 2014, ताशी आदि 2016 (संचार में)) की ताजा प्राप्तियों में एक विस्तार के तौर पर इस अध्ययन में अब इन बहुरूपताओं का संबंध अत्यधिक ऊंची भूमि (लेह) बनाम निचली भूमि (दिल्ली) के मूल निवासियों में तिब्बती लोगों में उत्परिवर्तन के साथ और इसके बिना प्रतिरक्षी साइटोम पर इनके जुड़ाव की जांच की जा रही है। पात्रे अध्ययन सेल लाइन उत्पादन की प्रक्रिया में हैं (टीएचपी1 या यू937) जिसमें उत्परिवर्ती कंस्ट्रक्ट में एंडोजिनस जीन और पहले इन्हें डालकर नॉकिंग डाउन द्वारा लेंटीवायरल अभिव्यक्ति प्रणाली का उपयोग करते हुए उपरोक्त उत्परिवर्तनों पर कार्य किया गया। उत्परिवर्ती और वन्य प्रकार की ईजीएलएन – 1 कोशिकओं का उपयोग करते हुए हम प्रोलिल हाइड्रोक्सीलेस (पीएचडी2, हाइपॉक्सिया उद्दीपन योग्य कारक (एचआईएफ) 1ए के ऋणात्मक विनियामक) की भूमिका की जांच करेंगे जिसे हाइपॉक्सिया की प्रतिक्रिया स्वरूप इन कोशिकाओं के अवकलन और प्रतिरक्षी कार्यों में देखा जाएगा। पात्रे और जीवे मार्गों का उपयोग करते हुए हम ईजीएलएन–1 (सी12जी और जी380 सी) की संक्रमणों के प्रति तिब्बती लोगों में अनुकूलन तथा प्रतिरक्षी प्रतिक्रिया पर फोकस करेंगे साथ ही प्रतिकूल क्लिनिकल घटनाओं जैसे सूजन और शोथ पर भी कार्य करेंगे। कार्य प्रगति पर है। अध्ययन में इस पर भी जांच जारी है : 1) अत्यधिक उच्च भूमि बनाम निचली भूमि के तिब्बती लोगों में ईजीएलएन–1 (सी12जी और जी380 सी) के साथ और इसके बिना थ्रोम्बोटिक और सह विनियम मार्कर; 2) उच्च

भूमि (तिब्बती और गैर तिब्बती लोग) बनाम निवासी (अस्थायी रूप से रहने वाले)। हम थ्रोम्बो कोएगुलेटरी मार्गों के हाइपॉक्सिया नियमन की प्रक्रिया की भी जांच कर रहे हैं जिसमें ईजीआर–1 का विशेष नियमन होता है, जिससे ऊतक कारक संश्लेषण और पीएआई–1 उद्दीपित होता है, जो ईजीएलएन–1–एचआईएफ–1ए अक्ष द्वारा प्लाज्मिन संश्लेषण का नियमन करता है या ईजीएलएन–1–एचआईएफ–1ए अक्ष से स्वतंत्र रूप से टीएचपी1 या के562 कोशिकाओं में जीन प्रकटन करता है।

अध्ययनों में उस प्रक्रिया का वर्णन किया गया है जिससे प्लेटलेट की सक्रिय स्थिति द्वारा लाइसिस या प्लेटलेट समाशोधन का निर्धारण किया जाता है। अध्ययन में दर्शाया गया है कि प्लेटलेट में डेंगू वायरस (डीईएनबी) जीनोम की उच्च प्रति संख्या बुखार के शुरूआती दिन (दिन 4) के दौरान प्लेटलेट सक्रियण के साथ सह संबंधित है और दिन 10 के दौरान घट जाता है। पूरक – एंटीबॉडी माध्यित प्लेटलेट लाइसिस और समाशोधन बुखार के 4/6 दिन के दौरान अधिकतम था। उपरोक्त अवलोकनों को पात्रे डेटा द्वारा पुनः समर्थन देते हुए डीईएनवी द्वारा प्लेटलेट के सांद्रता पर आधारित सक्रियण दर्शाए गए। डीईएनवी माध्यित प्लेटलेट सक्रियण सीधे तौर पर प्लेटलेट लाइसिस और समाशोधन से संबंधित था। दिलचस्प रूप से डीईएनवी माध्यित प्लेटलेट सक्रियण और लाइसिस को प्लेटलेट सक्रियण संदमक की उपस्थिति में दर्शाया गया जैसे प्रोस्टा साइक्लिन, ओझा आदि 2016 (संचार में)। इस अध्ययन में पुनः प्लेटलेट और डेंगू के रोगियों में अन्य प्रतिरक्षक कोशिकाओं में डीईएनवी के तीव्र द्विगुणन और आवर्धन की प्रक्रिया की जांच की गई है।

यह अत्यंत अनोखी घटना है कि सीएफएचआर–1 (पूरक कारक एच संबंधित 1) जीन (सीएफएचआर –1–/–) का समांगी विलोपन 90 प्रतिशत रोगियों में अप्रारूपिक हिमोलाइटिक यूरेमिक सिंड्रोम (एएचयूएस) के साथ और 8–10 प्रतिशत स्वस्थ व्यक्तियों में भी पाया गया (कॉकेशियन या भारतीय कोई भी)। रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है कि सीएफएचआर –1–/– के एएचयूएस रोगियों की लगभग 60 प्रतिशत संख्या में सीएफएच (पूरक कारक एच) में हाइ एंटीबॉडी टाइटर पाया गया, जो पूरक प्रणाली के वैकल्पिक मार्ग में एक प्रमुख विनियामक है, जो सीरम तथा कोशिका सतह पर पाया जाता है। डेटा में वर्णन किया गया है कि सीएफएचआर –1–/– जीनोटाइप में माइलॉइड डेंड्रिटिक कोशिकाओं (डीसी) / प्लाज्मासाइटॉइड डीसी का कम अनुपात और प्लाज्मा ब्लास्ट कोशिकाओं की उच्च संख्या के साथ क्लासिकल मोनोसाइट (सीडी14+सीडी16) पर सीएफएच की उच्च बाइंडिंग पाई जाती है। हमारे डेटा में यह भी दर्शाया गया है कि सक्रिय (सीडी25 + वीई) सीडी4 टी कोशिका का अनुपात सीएफएचआर –1–/– व्यक्तियों में अधिक होता है। पुनः हम सीडी4टी कोशिकाओं के प्रतिरक्षी उप समूहों का विश्लेषण कर रहे हैं जो हैं टीएच1, टीएच2, टीएच17 और टी विनियामक कोशिकाएं (उद्दीपित या प्राकृतिक) जो इन व्यक्तियों में पाई जाती हैं। अध्ययन में अनुमान लगया गया है कि सीएफएचआर –1–/– विलोपन इन व्यक्तियों में

क्षति ग्रस्त प्रतिरक्षी सहनशीलता के साथ संबद्ध है, गुज्जर बीएस, बश्याम ए आदि 2016 (पांडुलिपि तैयारी के अंतिम चरण पर है)। पुनः अध्ययन में सीएफएचआर –1–/– विलोपन वाले इन व्यक्तियों में इनेट और अनुकूलित प्रक्रियाओं के विस्तृत पक्षों की भी खोज की गई है।

हम खराब परिणाम के लिए माने जाने वाले लघु गर्भावधि आयु (एसजीए) नवजात शिशुओं के लिए अधिक गंभीर विकास अवरोध के साथ उपर्युक्त गर्भावधि आयु (एजीए) हेतु कोर्ड ब्लड प्रतिरक्षा फिनोटाइप्स (विशेष रूप से मोनोसाइट उप समूह; टी कोशिका एवं बी कोशिका उप समूह) में भिन्नता का पता लगा रहे हैं। हमारे आरंभिक आंकड़े दर्शाते हैं कि एसजीए नवजात में तुलनात्मक रूप से कम प्लाज्मासिटॉइड डेंड्रिटिक कोशिकाएं (पीडीसी), पीडीसी दर में उच्चतम मेलॉइड डीसी (एमडीसी), अधिक स्वभावित घातक (एनके) कोशिकाएं और कॉर्ड ब्लड में उच्चतम सीरम आईजीएम स्तर होते हैं। इसके अतिरिक्त, एसजीए नवजातों ने क्रमिक रूप से अधिक दहनशील मोनोसाइट्स के प्रति झुकाव, निम्नतम् अपरिपक्व बी कोशिकाएं एवं निम्नतम् सीडी4 : सीडी8टी कोशिका अनुपात प्रदर्शित किए। उपर्युक्त विश्लेषणों को विस्तृत रूप में अनुसरण करने की हमारी योजना है। कॉर्ड ब्लड प्रतिरक्षा फेनोटाइप्स एवं संक्रमण संबंधी रुग्णता के मध्य सह संबंधों का पता लगाने के लिए आरंभिक शैशव के माध्यम से एसजीए नवजात शिशु का अनुसरण करने की भी योजना है। हम नवजात शिशुओं में प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास को बेहतर रूप से समझने के लिए वयस्कों के प्रतिरक्षा सिगनेचर के बीच सह संबंध का पता लगाने के लिए एसजीए एवं एजीए शिशुओं के कॉर्ड ब्लड प्रतिरक्षा फिनोटाइप्स के उपर्युक्त आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे।

आंतरिक संकेत जो अस्थि मांसपेशी संरचना और कार्य का विनियमन करते हैं

युवा अन्वेषक
मासुम सैनी

पीएच. डी छात्र
मेघा अग्रवाल
पंकज कुमार
अकाशी पाराशर
श्रेयसी दास
अनुश्री

परियोजना सहायक
आकांक्षा वर्मा

परियोजना जेआरएफ
श्लोक जिंदल

सैम जे. मैथ्यू
प्रधान अन्वेषक

अनुसंधान कार्यक्रम का लक्ष्य कोशिकीय विविधता की प्रक्रिया को समझना है एवं कैसे इनका नियमन होता है इस हेतु केकाली मांसपेशी के उतक को प्रारूपिक रूप में प्रयोग किया गया है। ऐसा करने के लिए, कंकाली मांसपेशी विकास, विविधता, स्टेम सेल – मध्यस्थ पुनरूज्जीवन, और इन विट्रो एवं इन वीवो पद्धतियों में नियोजित, कंकाली मांसपेशी विशेशताओं को प्रदर्शित करने वाली ट्यूमर में मौजूदा सिग्नलिंग घटनाओं पर ध्यान केंद्रित कर महत्वपूर्ण ऊतक के रूप में कंकाली मांसपेशी की जांच की गई है।

हमारे अनुसंधान का सबसे बड़ा उद्देश्य है कोशिकीय भिन्नता के कंकाली मांसपेशी आधार और असमान भिन्नता की स्थिति में रोग की संभाव्यता का पता लगाना, इसके लिए हमारे निम्नलिखित उद्देश्य हैं : 1. माउस भ्रूण, भ्रूणीय एवं पेरिनेटल विकास के दौरान, मांसपेशी संरचना एवं कार्य के लिए महत्वपूर्ण कंकाली मांसपेशी भारी श्रृंखला (एमवाईएचसी) जीन्स के समूह की अस्थाई प्रवाह संभाव्यता का प्रलेखन। 2. विशिश्ट एमवाईएचसी स्थिति आधारित टार्गेटेड माउस एलेलीज उत्पन्न कर, तथा मायोजेनिक सी2सी12 कोशिकाओं में इन विट्रो जीन नॉकडाउन का उपयोग करते हुए शर्त युक्त लक्षित चूहे तैयार करना। 3. सी2सी12 मेयोजीनिक भिन्नता के दौरान अस्थाई विशेशता वाले जीन्स की पहचान और मायोजीनेसिस में इनकी कार्यप्रणाली की आवश्यकताओं की जांच। 4. एक प्रकार के ट्यूमर, रहल्डोमाससोसर्कोमा, जिसमें भिन्नता की विभिन्न स्थितियों में ट्यूमर कोशिकाएं कंकाली कोशिकाओं की विशेशताओं को प्रदर्शित करती हैं, में मेट सिग्नलिंग के नियमन की भूमिका की जांच।

कोशिका गतिशीलता, कोशिका विभाजन और कोशिका के अंदर कार्गो के प्रवाह जैसी अनेक कोशिकीय प्रक्रियाओं में मायोसिन्स महत्वपूर्ण मोटर प्रोटीन्स का कार्य करते हैं। मायोसिन्स की विभिन्न श्रेणियों में से एक है श्रेणी 2 मायोसिन जिसमें कंकाल कोशिका संकुलन के लिए महत्वपूर्ण मायोसिन्स होता है। प्रत्येक कंकाल मांसपेशी सिकुड़न अणु, मायोसिन भारी श्रंखला (एमवाईएचसी) एक जोड़ा, मायोसिन अनिवार्य हल्की श्रंखलाओं और मायोजिन नियामक हल्की श्रंखलाओं को एक – एक जोड़ा वाला हेट्रोहेक्जेमर है। हमारी मुख्य रुचि एमवायएचसी में कंकाली मांसपेशी विकास, अवकलन, पुनर्जनन और रोग में इनकी विशिष्ट भूमिका को समझने में है।।

स्तनपायियों में युवा अवस्था के दौरान उचित मांसपेशी संकुचन की सुविधा उपलब्ध कराने वाले अनेक एमवाईएचसी आइसोफॉर्म्स होते हैं जहां ये वयस्क कंकाली मांसपेशी संकुचनशील उपकरण का भाग बनाते हैं। विभिन्न वयस्क एमवायएचसी आइसोफॉर्म विशिष्ट संकुचनशील गुण दर्शाते हैं और विशिष्ट मांसपेशियों में इनकी अभिव्यक्ति कार्यात्मक मांग पर आश्रित है, उदाहरण के लिए मुद्रा संबंधी मांसपेशियां जिन्हें लंबी अवधि के लिए बार बार उपयोग किया जाता है, आम तौर पर इनमें अपेक्षाकृत धीमी एमवायएचसी की अधिक अभिव्यक्ति होती है, जो धीरे सिकुड़ती है, ऑक्सीडेटिव चयापचय का उपयोग करती है और सापेक्ष श्रांति प्रतिरोधक होती है। वयस्क एमवायएचसी आइसोफॉर्म्स के अलावा तीन एमवायएचसी आइसोफॉर्म, जो हैं एमवायएचसी भ्रूणीय, – पेरिनेटल और धीमी, इन्हें मिलाकर विकास संबंधी एमवायएचसी कहा जाता है और भ्रूण विकास के दौरान अवकलित मांसपेशी कोशिकाओं द्वारा व्यक्त किया जाता है। इसमें से दो, नामतः एमवाईएचसी – भ्रूणीय और – पेरिनेटल विशेश रूप से भ्रूणीय अवस्थाओं के दौरान गतिशील होते हैं जबकि एमवाईएचसी – स्लो भ्रूणीय विकास और वयस्क जीवन के दौरान गतिशील होता है।

एमवाईएचसी – भ्रूणीय और पेरिनेटल कंकाल मांसपेशी चोट / रोग की स्थिति में युवा अवस्था में गतिशील होती हैं और बाद में स्टेम सेल पुनरुज्जीवन में सहयोग करती हैं। इन सभी एमवाईएचसी में मायोपैथीज एवं कॉस्ट्रैक्चर सिंड्रोम जैसे फ्रीमैन – शेल्डन सिंड्रोम जैसे रोगों को बढ़ावा देने वाले म्यूटेसंश की पहचान कर ली गई है। इसलिए, इन विकासक एमवायएचसी की संक्षिप्त अभिव्यक्ति संभाव्यता, नियमन और कार्यप्रणाली का उल्लेख करना महत्वपूर्ण है।

विकास के दौरान एमवाईएचसी की स्थिति परिवर्तनशीलता का अध्ययन करने के लिए, एक ऐसा चरण विशिष्ट विश्लेषण एमवायएचसी ट्रांसक्रिप्ट और प्रोटीन स्तरों के लिए किया गया जिसमें मात्रात्मक पीसीआर (क्यूपीसीआर) और वन्य प्रकार (सी57बीएल/6) चूहे के भ्रूण पर प्रतिरक्षी प्रतिदीप्तिशीलता का उपयोग करते हुए ज्ञात किए गए। ट्रांसक्रिप्ट स्तर पर एमवायएचसी भ्रूणीय और पेरिनेटल में ई15.5 और ई17.5 पर क्रमशः अभिव्यक्ति के एकल पीक प्राप्त हुए, जबकि एमवायएचसी के धीमे ट्रांसक्रिप्ट भ्रूणीय विकास की अवधि के दौरान अपेक्षाकृत कम स्तरों पर अभिव्यक्त हुए थे। इन पद्धतियों का उपयोग कर, हमने भ्रूणीय विकास के दौरान एमवाईएचसी प्रोटीन और ट्रांस्क्रिप्ट्स प्रवाह संभाव्यता का अध्ययन किया। प्रोटीन स्तर पर, हमने पाया कि लगभग ई 12.5 एमवाईएचसी – प्रीनेटल के बाद ई10.5 द्वारा विकास के दौरान वितरित एमवाईएचसी – भ्रूणीय एवं स्लो सबसे पहले एमवाईएचसी थे। दिलचस्प रूप से, एमवाईएचसी – भ्रूणीय एवं प्रीनेटल में ई14.5 के बाद लगभग ई16.5 पर दो स्तर अभिवृद्धि हुई जबकि एमवाईएचसी – स्लो प्रोटीन में ई 16.5 पर एक सतर अभिवृद्धि हुई। इन स्तरों ने भ्रूणीय विकास के दौरान मायोजेनेसिस के दो फेजो मायोजेनेसिस (ई10.5 – 14.5) के भ्रूणीय फेज एवं मायोजेनेसिस के भ्रूण संबंधी फेज (ई 14.5 – 17.5) में अस्पश्ट सहप्रतिक्रिया प्रदर्शित हुई, जो दर्शाता है कि इन मायोजेनिक फेजों के दौरान ये प्रोटीन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चूंकि ट्रांसक्रिप्ट और प्रोटीन अभिव्यक्ति में एक दूसरे के साथ विशुद्ध मिलान नहीं था, अतः कशेरुकी भ्रूणीय विकास के दौरान एमवाईएचसी – भ्रूणीय – पेरिनेटल एवं स्लो के स्तरों के नियमन में पोस्ट – ट्रांस्क्रिप्शनल बदलाव महत्वपूर्ण होंगे।

एमवायएचसी की पात्रे मायोजेनेसिस के दौरान अभिव्यक्ति को सी2सी12 चूहा मायोजेनिक कोशिकाओं को एक मॉडल तंत्र में लेकर भी अवकलन के दौर में लाक्षणीकृत किया गया था। यह पाया गया था कि एमवायएचसी भ्रूणीय अभिव्यक्त होने वाला पहला एमवायएससी और इसके बाद एमवायएचसी – धीमा तथा पेरिनेटल, ट्रांसक्रिप्ट के स्तर पर अभिव्यक्त हुआ था।

पात्रे मायोजेनिक अवकलन में एमवायएचसी भ्रूणीय की भूमिका निर्धारित करने के लिए एसआईआरएनए माध्यित एमवायएचसी भ्रूणीय नॉक डाउन के सी2सी12 कोशिका मायोजेनिक अवकलन पर इसके प्रभावों की भी जांच की गई थी। यह पाया गया था कि एमवायएचसी भ्रूणीय विशिष्ट एसआईआरएन उपचार से अपचयित एमवायएचसी भ्रूणीय ट्रांसक्रिप्ट और प्रोटीन स्तर उल्लेखनीय थे। पुनः एमवायएचसी भ्रूणीय विशिष्ट एसआईआरएनए उपचार के परिणाम स्वरूप एमवायएचसी – धीमे का अपरेगुलेशन हुआ, एमवायओडी तथा मायोजेनिन अनुलेखन कारकों का शुरूआती अपरेगुलेशन कारक और इसके बाद प्रोटीन स्तर पर इसका डाउन रेगुलेशन हुआ। इससे सुझाव मिलता है कि एमवायएचसी – भ्रूणीय सामान्य तौर पर उस दर पर नियमित करने की जरूरत होती है जिस पर मायोजेनिक अवकलन होता है। एमवायएचसी भ्रूणीय की अनुपस्थिति में गैर अवकलित स्टेम के समान तेजी से अवकलित कोशिकाओं को एमवायओडी द्वारा अपरेगुलेट

तथा मायोजेनिन अवकलन मार्करों द्वारा दर्शाया गया है। जैसा कि आगे पुनः साक्ष्य दिया गया है, हमने आरक्षित कोशिकाओं की संख्या – मायोब्लास्ट कोशिकाओं में कमी भी देखी जो एमवायएचसी – भ्रूणीय एसआईआरएनए उपचार देने पर मायोट्यूब्स और मायोफाइबर्स उत्पन्न करने के लिए अवकलित होती हैं। भ्रूणीय और मायोजेनेसिस के भ्रूण चरण के दौरान जीवे रूप में इस एक समान प्रभाव देखा गया था।

एक अन्य कार्यक्रम में सी2सी12 मायोजेनिक कोशिका इन विट्रो में एमवाईएचसी – भ्रूणीय के उचित एसआईआरएनए मध्यमित नॉकडाउन की स्थितियों का मानकीकरण किया गया है; ताकि मायोजीनेसिस के दौरान एमवाईएचसी – भ्रूणीय की भूमिका का अध्ययन किया जा सके। हम सी2सी12 मायोजीनेसिस के दौरान कोरप्रोसेसस के पृथक (टीएलई) समूह के ट्रांस्ड्यूशन जैसे वृद्धि कारक की वितरण अस्थिरिता की जांच कर रहे हैं, चूंकि टीएलई, ग्रुको के ड्रोसोफिया ऑरथ्रोलॉग के मायोजेनेसिस में महत्वपूर्ण नियामक भूमिका निभाने वाला बताया गया है। प्रारंभिक परिणाम दर्शाते हैं कि मात्रा की भिन्नता और भिन्नता के विभिन्न स्तरों पर सी2सी12 मायोजेनेसिस के दौरान सभी 4 टीएलई जीन्स का प्रवाह किया जाता है।

अंततः हम रहेब्डोमायोसर्कोमा (आरएमएस) नामक ट्यूमर टाइप में सी – एमईटी प्रोटो – ऑन्कोजीन के नियमन में व्याप्त सिगनल्स को समझने का भी प्रयास कर रहे हैं। भिन्न कंकाली मांसपेशी कोशिकाओं की विशेशताओं आरएमएस ट्यूमर कोशिकाएं प्रदर्शित होती हैं यद्यपि इस ट्यूमर से संबंधित कुछ जेनेटिक नुकसान की पहचान कर ली गई है, मेट सिगनलिंग के अभियमन का स्पश्ट पता नहीं चल पाया है। हमारा उद्देश्य है, इस प्रकार के कैंसर में मेट सिंगनलिंग के नियमन की जांच के लिए प्रोटीन से व्युत्पन्न आरएमएस कोशिका रेखाओं का उपयोग करना।

पादप–रोगाणु की अंतःक्रियाओं में इफेक्टर से उद्दीपित प्रतिरक्षा–प्रतिरक्षी विनियामकों द्वारा असेंबली और सिगनलिंग में इनोसिटॉल विनियमित मार्गों को समझना

युवा अन्वेषक
श्रीशैल सोनयाल

पीएच. डी. छात्र
हितिका गुलबानी
इंगोल किशोर
दन्यानेश्वर
कृष्णेन्दु गोस्वामी
मृत्युंजय केसरा
श्रद्धा दाहाले

डीबीटी अनुसंधान एसोसिएट
जेवल जमीता नूर

सैकत भट्टाचार्यजी
प्रधान अन्वेषक

अनुसंधान कार्यक्रम में पादप – रोगाणु अंतःक्रियाओं में प्रभाव के आण्विक प्रक्रमों या प्रेरित प्रतिरक्षा (ईटीआई) की जांच की गई है। ईटीआई एक रोगाणु इफेक्टर के संवेदन पर उद्दीपित होता है और इसमें आंतरिक रूप से क्रॉस लिंक किए गए सिगनल ट्रांसडक्शन होते हैं जिससे रक्षा के प्रति बड़े पैमाने पर अनुलेखन रिप्रोग्रामिंग होत है। जबकि प्रतिरक्षी मॉड्यूलेटर जो मध्यस्थता करता है और संदेश वाहक जो इन सिगनलों को ट्रांसड्यूस्ड करते हैं, इन्हें पहचाना नहीं गया है। एक अराबिडॉप्सिस थैलियाना – स्यूडोमोनास सिरिंजी पैथोसिस्टम से प्रतिरक्षी सिगनलिंग मार्गों का पता लगाने के लिए उत्कृष्ट मॉडल प्रणाली मिलती है।

अधिकांश सिग्नलिंग कैस्केड की व्याख्या करने वाले ट्रांस्ड्यूमर्स और प्राप्तकर्ताओं के रेखीय प्रबंधन के पारंपरिक रूपों को ईटीआई के दौरान नहीं अपनाए जाने की संभावना है। इसके स्थान पर रक्षा संबंधी ट्रांसक्रिप्टोम बदलावों को लाने के लिए सिगनलिंग संदेश वाहकों के साथ सीधे तौर पर जुड़े सक्रियण पर प्रतिरोधक प्रोटीन (आर) और प्रतिरक्षी मॉड्यूलेटर होते हैं। आरंभिक आमापनों के जरिए ईटीआई के मुख्य सिगनलिंग मध्यस्थ के रूप में इनोसिटॉल व्युत्पन्नों की भूमिका का सुझाव दिया गया है। पोलर इनोसिटॉल फॉस्फेटेस (आईएनएसपी) द्वारा क्रोमेटिन संगठन, अनुलेखन विनियमन, एमआरएनए निर्यात, हार्मोन सिगनलिंग आदि का सुझाव दिया गया है। रोगाणु के भेदन से विशिष्ट फॉस्फोलाइपेस (पीएलसी) सक्रिय बनाए जाते हैं जो झिल्लियों पर मौजूद पोलर फॉस्फेटिडिलइनोसिटॉल (पीटीडीआईएनएस) से आईएनएसपी व्युत्पन्न करते हैं। इस अध्ययन का लक्ष्य बहु मार्गी कार्यनीति का उपयोग करते हुए आईएनएसएसपी और इससे जुड़े पीटीडीआईएन की रक्षा संबंधी भूमिकाओं की जांच करना है। सबसे पहले आईएनएसपी द्वारा प्रतिरक्षी सिगनलिंग को खोजा जाएगा और परिवर्तित रक्षा के साथ पादप उत्परिवर्तियों में इनके सापेक्ष आईएनएसपी स्तरों का निर्धारण किया जाएगा। दूसरे, अध्ययन का लक्ष्य लिपिड इंटरफेस पर प्रतिरक्षी विनियामकों के बीच स्थिर अवस्था में प्रोटीन – प्रोटीन अंतःक्रियाओं का लाक्षणीकरण करना है जिन्हें पहले अभिज्ञात किया गया और आगे चलकर उन प्रक्रियाओं की जांच करनी है जिसमें सिगनलिंग के मॉड्यूलेशन में पैथोजन इफेक्टर की भूमिकाओं की जांच की जाती है। तीसरे, इनोसिटॉल पर आश्रित सहक्रियात्मक और एंटागोनिस्टिक परस्पर वार्ता से हार्मोनल मार्गों का लक्ष्य यह समझना है कि रोगाणु इफेक्टर किस प्रकार कार्य करते हैं या सिगनलिंग नेटवर्कों पर ईटीआई का प्रभाव होता है।

आईएनएसपी विविध सिगनलिंग संदेशवाहक हैं जिन्हें जैविक और अजैविक तनाव दोनों के प्रति प्रतिक्रिया ट्रांसड्यूस्ड करने के लिए चुना गया है। क्योंकि केन्द्रीय इनोसिटॉल इकाई के साथ संलग्न फॉस्फेट की संख्या / स्थिति में भिन्नता है (चित्र 4), आईएनएसपी से इनके सिगनलिंग कार्यों में जटिलता के अनेक स्तर प्रविष्टि किए जाते हैं। कोशिकीय प्रक्रियाओं में ये भिन्नता विभिन्न आईएनएसपी के बीच सह क्रियात्मक या एंटागोनिस्टिक कार्य शामिल करते हैं।

फाइटोहार्मोन जेस्मोनिक एसिड (जेए) सिगनलिंग को कोशिका में आईएनएसपी 5 / आईएनएसपी6 के सापेक्ष अनुपात से प्रभावित दर्शाया गया है। आईएनएचपी 5 के बढ़ने से जेए

रिप्रेसर का विघटन होता है जबकि अधिक आईएनएसपी 6 स्तर का स्थायित्व बना रहता है और इस प्रकार जेए प्रतिक्रिया संदमित होती है। रक्षात्मक सिगनलिंग में अनेक इनोसिटॉल जैव संश्लेषण / चयापचय उत्परिवर्तियों को रोगाणुओं के प्रति अवकलन रूप से प्रतिक्रिया देते देखा



चित्र 4 : पौधों में इनोसिटॉल जैव संश्लेषण और चयापचय मार्गों का योजनाबद्ध प्रतिनिधित्व। लिपिड पर आश्रित और लिपिड से स्वतंत्र रूप से इनोसिटॉल फॉस्फेट (आईएनएसपी) और फॉस्फेटिडिल इनोसिटॉल (पीटीडीआईएनएस) का संश्लेषण दर्शाया गया है।

गया है। इसका अराबिडोप्सिस एमआईपीएस1 (म्यो–इनोसिटॉल फॉस्फेट सिंथेस समूह का एक विशेष सदस्य) विशेष प्रभावशाली है। एमआईपीएस 1 (एमआईपीएस 1 – 2) में पादपों पर आश्रय लेने वाले समयुग्मक निरंतर कोशिका मृत्यु, हायपरसेंसटिव प्रतिक्रिया की पुनरावृत्ति प्रदर्शित करते हैं, जो कभी कभी ईटीएल से संबद्ध हो जाती है। स्पष्ट प्रतिरक्षा मॉड्लेटर्स जैसे ईडीएस 1 और प्रतिरक्षा हार्मोन्स जैसे एसए की एमआईपीएस 1 – 2 पादपों में उच्च नियमन दर्शाता है कि एमआईपीएस 1 प्रतिरक्षा का नकारात्मक नियामक है। जबकि अब तक प्रत्यक्ष साक्ष्यों से आईएनएसपी की भूमिका पौधों में प्रतिरक्षा के सिगनलिंग मध्यस्थों के रूप में समझी नहीं गई है।

इसकी बेहतर समझ पाने के लिए अध्ययन में रक्षा प्रतिक्रियाओं में विशिष्ट आईएनएसपी की भूमिकाओं की व्यापक जांच की गई है। एक प्रतिरक्षी ट्रिगर के अस्थायी स्वभाव पर विचार करते हुए और प्रतिक्रियाओं की संबद्ध तनुताओं को देखते हुए विषम जनित कोशिका आबादी के विश्लेषण में, एसआरएफआर1 –4 पौधे जो रक्षा को सक्रिय बनाते हैं, इन्हें ईटीआई में आईएनएसपी की भूमिका समझने के लिए खोजा जा रहा है। एसआरएफआर1 – 4 पौधों में ईडीएस1 और आर प्रोटीनों की अभिव्यक्ति बढ़ी है जिससे ईटीआई बढ़ कर पी. सिरिंजी की रोग रहित विभेद दर्ज किए गए हैं। आण्विक स्तर पर एसआरएफआर1 रूप ईडीएस1 तथा आर प्रोटीनों के साथ अनेक प्रकार के संबंध एक 'रजिस्टासोम' कॉम्प्लेक्स में बनाते हैं जिससे रक्षा के मिस प्राइम्ड सक्रियण की रोकथाम होती है। दिलचस्प है कि विभिन्न आईएनएसपी के सापेक्ष बदले हुए स्तर से विशिष्ट आईएनएसपी जैव संश्लेषण की अवकल अभिव्यक्ति होती है और चयापचय जीनों का पता एसआरएफआर1 –4 में लगाया जाता है। सबसे अधिक उल्लेखनीय एमआईपीएस 1 और एमआईपीएस 2 स्तर एसआरएफआर1–4 पौधों में डाउन रेगुलेट होते हैं। इस प्रकार, आनुवंशिक रूप से एसआरएफआर1 कार्य एमआईपीएस के अप स्ट्रीम होते हैं। अनेक एमआईएसपी

(एमआईएसपी1–3) पर विचार करते हुए एसआरएफआर 1–4 में डाउन रेगुलेट होते हैं, मायोइनोसिटॉल की सांद्रता में वैश्विक कमी का सुझाव मिलता है और इसका आगे लाक्षणीकरण किया जाएगा।

जीन अपवाह डेटाबेस अनुसंधान इनोसिटॉल पेंटाकिस्फॉस्फेट काइनेज 1 (आईपीके1), पाइटिक एसिड (आईएनएसपी6) के बायोसिंथेसिस में शामिल इंजाइम के साथ सह संबंद्ध एसआरएफआर 1 की पहचान कर रहे हैं। दिलचस्प बात है कि इसे नोट किया गया था कि एक टी–डीएनए टैग युक्त आईवीपीके1 में 6 उत्परिवर्तन (आईपीके1–1 नामक) से उत्परिवर्ती पौधों में हल्का सा बौनापन आया। पुनः, एआईएनपीके1–1 एसआरएफआर1–4 दोहरे उत्परिवर्ती के उत्पादन पर फीनोटाइपिक रूप से एसआरएफआर1 – 4 के प्रभाव एपिस्टेटिक से आईपीके1–1 पर पाए गए। रोगजनक और अरोगजनक पी. सिरिंजी में आईपीके1–1 पौधों की बढ़ी हुई प्रतिरोधकता से सुझाव मिला कि आनुवंशिक आईपीके1 या आईएनएसपी कार्य रक्षा के ऋणात्मक विनियामक हैं। यद्यपि आईएनएसपी6 के निम्नतम् स्तर अथवा आईपीके 1–1 में निम्नतम् आईएनएसपीएस (जैसे कि आईएनएसपी 5, आईएनएसपी 4 और आईएनएसपी 3) के संचयन और एसआरएफआर 1 – 4 की बढ़ी हुई प्रतिरक्षा के संबंध में जांच की जा रही है। विभिन्न आईएनएसटी अनुपातों में बदलाव से एसए और जेस्मोनिक एसिड (एसए) द्वारा माध्यित फाइटोहार्मोन प्रतिक्रिया पर प्रभाव होता है। क्या ये मार्ग आईपीके1–1 में मॉड्यूलेट हो रहे हैं, इसकी जांच की जा रही है।

आईपीके1–1 पौधे के नाभिक में एमआरएनए का संचय बढ़ने से एमआरएनए निर्यात कमियों का संकेत मिलता है। जबकि, अध्ययन के शुरूआती अवलोकनों से सुझाव मिलता है कि धनात्मक रक्षा विनियामकों जैसे ईडीएस1 और पीआर1 के ट्रांसक्रिप्ट बढ़ जाते हैं और इससे आईपीके1–1 में नाभिक सिक्वेस्टर्ड एमआरएनए का गठन नहीं होता। चाहे ऋणात्मक रक्षा विनियामकों के एमआरएनए चयनित रूप से नाभिक में रखे जाते हैं या ये धनात्मक रक्षा विनियामकों के ट्रांसक्रिप्ट होते हैं, अधिमानी रूप से इन्हें आईपीके1–1 में निर्यात किया जाता है, जिसकी जांच की जा रही है। आरंभिक आमापनों में बेशक केन्द्रीय रक्षा मॉड्यूलेटर ईडीएस1 के ट्रांसक्रिप्ट से आईपीके1–1 पौधों के साइटोप्लाज्म में भरपूर होने का पता लगाया गया था। चयनित एमआरएनए निर्यात के व्यापक विचार प्राप्त करने के लिए वन्य प्रकार के नाभिक और साइटोप्लाज्म की कुल आरएनए आबादियों तथा आईपीके1–1 पौधों में तुलनात्मक आरएनए सेक किए जा रहे हैं। इनके परिणामों से रक्षा में संकल्पित चयनित एमआरएनए निर्यात की गहराई समझ मिल सकेगी। यह जानना दिचलस्प है कि एमओएस3–1 पौधे, जिनमें न्यूक्लियोपोरिन में एक उत्परिवर्तन निहित होता है, ये एमआरएनए निर्यात दोष भी प्रदर्शित करते हैं। जबकि आईपीके1–1, एमओएस3–1 पौधों में बढ़ी हुई प्रतिरोधकता के विपरीत पी. सिरिंजी के रोगजनक और अरोगजनक दोनों ही विभेदों की संवेदनशीलता बढ़ जाती है। इस अध्ययन द्वारा एमओएस3–1 पौधों में ईडीएस1 ट्रांसक्रिप्ट के डाउन रेगुलेशन का पता लगा है। आईपीके1 और एमओएस3 द्वारा विनियमित न्यूक्लियर पोर घटकों के बीच परस्पर वार्ता से प्रतिरक्षी ट्रिगर पर रक्षा संबंधी ट्रांसक्रिप्ट के अवकलन निर्यात का मॉड्यूलर होता है जिसे आण्विक स्तर पर आगे समझा जा रहा है।

प्रतिरक्षी कॉम्प्लेक्स असेम्बली का नियमन ट्रांसलेशनल पश्चात संशोधनों (पीटीएम) और साइटोप्लाज्मिक झिल्लियों पर एंकोरों द्वारा अज्ञात प्रक्रियाओं के माध्यम से किया जाता है। रेसीडेंट प्रतिरक्षी विनियाम ईडीएस1 में एक पूर्वानुमान लगाने योग्य ए / बी हाइड्रोलेस के समान

डोमेन अधिकांश फॉस्फोलाइपेस में मौजूद होता है। चूंकि ईडीएस1 का केवल माइक्रोसोमल पूल रेजीस्टासोम के साथ जुड़ता है, लिपिड पर आधारित रेजीस्टासोम फॉस्फोटिडिल इनोसिटॉल (पीटीडीआईएन) की एंकरिंग होने का सुझाव मिलता है। पी. सिरिंजी के सिरिंजी पैथोवार से अरोगजनक इफेक्टर एचओपीए1 विशिष्ट पीटीडी आईएनएस से जुड़ता है और इससे रेजीस्टासोम जुड़ाव में बाधा दर्शाई गई है। लिपिड इंटरफेस पर रेजीस्टासोम का जुड़ाव होने वाले संबंध के प्रकार का लाक्षणीकरण करने के लिए एचओपीए1 कार्य जो इस असेम्बली में विक्षोभ पैदा करता है, लाक्षणीकृत किया जा रहा है। इसके अलावा, यह अध्ययन मुख्य प्रतिरक्षी कारकों जैसे एसआरएफआर1 और ईडीएस1 पर भी केन्द्रित है जिसमें पूर्वानुमान योग्य सूमोएलेशन और सूमो अंतःक्रिया मोटिफ निहित हैं। इसके लिए प्रतिरक्षा में नॉन फंक्शनल निर्धारित सूमोयलेशन मोटिफ में आर्जिनाइन पूरक (के 478 आर) लाइसिन वाले ईडीएस 1 का पता चला है। दिलचस्प रूप से ईडीएस 1के478आर भी एसआरएफआर1 के साथ अंतःक्रिया करने में विफल रहता है। इस प्रकार परिणाम मजबूती से ईडीएस1 और एसआरएफआर1 के बीच सूमोयलेशन पर आधारित संबंध का सुझाव देते हैं। इसके सशक्त समर्थन में अध्ययन द्वारा एसआरएफआर1 – 4 पौधों में सूमो1 /2 द्वारा सूमोयलेशन में वैश्विक वृद्धि का पता लगा है। इस असंतुलन का कारण जानने के लिए सूमोयलेशन संबंधी जीनों का सापेक्ष ट्रांसक्रिप्ट स्तर पर क्यूपीसीआर विश्लेषण किया गया था। दिलचस्प रूप से विशिष्ट सूमो आइसोफॉर्म की अधिक अभिव्यक्ति और विशिष्ट सूमोप्रोटिएस के डाउन रेगुलेशन का पता एसआरएफआर1–4 में लगाया गया था। सूमोयलेशन के पैटर्न में इस वृद्धि का पता एसआरएफआर1–4 पौधों में दर्ज किया गया जो वन्य प्रकार के पौधों पर एसए के बाह्य अनुप्रयोग के समान था। इन परिणामों से दृढ़ता से सुझाव मिलता है कि एसए का बढ़ना एसआरएफआर1–4 में सूमोयलेशन प्रोटीनों के बढ़ने का कारण है। सूमोयलेशन में एसए पर आश्रित बदलावों की आण्विक प्रक्रियाएं और इनके परिणामों से प्रतिरक्षी असेम्बली पर प्रभाव पर वर्तमान में कार्य जारी है।

युवा अन्वेषक
मेघा कुमार

पोस्ट–डॉक्टरल अध्येता
पुष्पा कुमारी

पीएच. डी. छात्र
सागर मेहले
हर्ष कुमार
राजह पेरगु
अमित शर्मा
अमृता कुमारी
सुनयना दागर
चंदन कुमार



शिवराम वी. एस. माइलावारपु
प्रधान अन्वेषक

कोशिका विभाजन और कोशिकीय गतिकी की किया विधि

अनुसंधान समूह कोशिकीय गति– विज्ञान के आण्विक विनियमन का अध्ययन करता है। वर्तमान फोकस कोशिका विभाजन और अंतर–कोशिकीय संप्रेषण जो कि दो महत्वपूर्ण और अत्यधिक गतिज कोशिकीय प्रक्रियाऐं है, के आण्विक आधार के निर्धारण की संवीक्षा पर है।

हमारे अध्ययन का एक प्रमुख लक्ष्य साइटोप्लाज्मिक डायनिन की लाइट इंटरमीडिएट चेन (एलआईसी) सब यूनिटों द्वारा माइटोटिक विनियमन की आण्विक प्रक्रियाओं को जानना चाहते हैं। इस परियोजना का एक ओर लक्ष्य साइटोकाइनेसिस अर्थात माइटोसिस के अंत में डॉटर सेल्स का भौतिक पृथक्करण के दौरान एक्जोसाइटिक मेम्ब्रेन ट्रैफिकिंग मशीनरी की भूमिका का पता लगाना चाहते हैं। एक पृथक परियोजना में हमारा उद्देश्य बायोजेनेसिस के यंत्रवादी आधार और अंतर–कोशिकीय संप्रेषण की नई विधियों के बारे में बताना है। व्यापक तौर पर हमारा उद्देश्य कोशिका जीव–विज्ञान, माइक्रोस्कोपी, जैवरसायन और प्रोटियोमिक्स, जैव भौतिकी और संरचनात्मक जीव–विज्ञान तथा मॉडल जीव विकास को शामिल करते हुए बहु–शाखीय उपागम के माध्यम से इन प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाली आण्विक प्रक्रियाओं को समग्रता से समझना है।

एलआईसी2 से कोशिका विभाजन शंकु विन्यास अभिशासित होता है : एलआईसी के प्रभावी कोशिका विभाजन स्थानीकरण में शंकु ध्रुवों से सुझाव मिलता है कि इससे शंकु विन्यास में योगदान मिल सकता है, जो साइटोप्लाज्मिक डायनिन का शंकु ध्रुव संबंधी एक महत्वपूर्ण कार्य है। एलआईसी विशिष्ट एसआईआरएनए के साथ उपचारित एचईएलए कोशिकाओं को टाइम लैप्स इमेजिंग द्वारा ग्रिड युक्त कवर स्लिप पर उन कोशिकाओं की पहचान के लिए देखा गया जो लंबी अवधि से प्रतिबंधित थीं (नाभिकीय एन्वेलप के टूटने या एनईबी से 80 मिनट से 4 घण्टे के बीच) जो कोशिका विभाजन में एलआईसी के रिसाव वाली कोशिकाओं को पहचानने के लिए था। कोशिका विभाजन में 4 घण्टों से अधिक समय के लिए प्रतिबंधित कोशिकाएं आम तौर पर मर गईं। यह देखा गया था कि एलआईसी 2 के रिसाव से कंट्रोल कोशिकाओं की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक मेटाफेस कोशिकाओं द्वारा सब स्ट्रेटम के संबंध में 20 डिग्री से अधिक के झुकाव के साथ शंकु में बहुत अधिक बदला हुआ अभिविन्यास दिखाई देता है। इसके विपरीत, एलआईसी 1 के रिसाव से न्यूनतम शंकु गलत विन्यास दर्शाया गया, जिससे एलआईसी 2 – डाइनिन के लिए एक मजबूत भूमिका का सुझाव मिला। यह घटना सबस्ट्रेटम पर कोशिकाओं के झुकाव की मजबूती के परे देखी गई थी। एलआईसी–2 रिसाव वाली कोशिकाओं में कंट्रोल कोशिकाओं की तुलना में एनाफेस के बाद पुत्री कोशिकाओं के विशिष्ट रूप से असमान चपटेपन को दर्शाया गया, जिससे सब स्ट्रेटम समांनांतर रूप से विभाजित हुआ और इस प्रकार एक समान चपटापन हुआ। इसके आलवा स्वयं द्वारा 4 घण्टे तक लंबी अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहने से इसमें उल्लेखनीय शंकु गलत विन्यास नहीं हुआ। ये परिणाम कुल मिलाकर एलाआईसी 2 – डाइनिन में एक प्रमुख योगदान दर्शाते हैं, किन्तु उचित माइटोटिक शंकु विन्यास के रखरखाव में एलआईसी 1 डाइनिन की भूमिका नहीं है।

एलआईसी–2 डाइनिन किन्तु एलआईसी1–डाइनिन द्वारा नहीं, शंकु के ध्रुव तक एनयूएमए का असममित परिवहन होता है : इसका अगला लक्ष्य आण्विक प्रक्रियाओं को समझना था, जिसके

द्वारा एलआईसी2 शंकु विन्यास का नियमन करता है। एनयूएमए (न्यूक्लियर माइटोटिक एपरेटस) एक बड़ा संरक्षित नाभिकीय प्रोटीन है जिससे शंकु ध्रुवों पर केन्द्रित माइक्रो ट्यूबुल के ऋणात्मक सिरे स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। एनयूएमए और डाइनिन दोनों ही महत्वपूर्ण कॉर्टिकल प्रोटीन कॉम्प्लेक्स के प्रमुख घटक हैं जो एस्ट्रल माइक्रोट्यूबुल के धनात्मक सिरे को पकड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, इस प्रकार कॉर्टेक्स के साथ शंकु ध्रुवों को जोड़ते हैं और शंकु विन्यास अर्जित किया जाता है।

एलआईसी2 का प्रधान स्थानीकरण माइटोटिक शंकु ध्रुवों पर होने से एनयूएमए के ध्रुवीय स्थानीकरण की छवि दिखाई देती है। अतः इसका पता लगाया गया कि क्या एलआईसी 2 – डाइनिन अधिमानी रूप से अंतःकोशिकीय एनयूएमए स्थानीकरण से प्रभावित होता है। बेशक, एनयूएमए का सुपरिभाषित, छल्ले के समान संरचनाओं में कंट्रोल कोशिकाओं में माइटोटिक सेंट्रोसोम के आस पास होना विशिष्ट रूप से देखा जा सकता है। एलआईसी2 रिसाव होने पर ध्रुवों के ''ऊपरी'' (गलत विन्यास) वाली कोशिकाओं में निचले ध्रुवों की तुलना में एनयूएमए की तीव्रता कम थी। जब सभी सेंट्रोसोम का विश्लेषण किया गया तो एलआईसी2 का रिसाव उल्लेखनीय रूप से कंट्रोल कोशिकाओं के संबंध में ध्रुवीय एनयूएमए प्रतिरक्षा प्रतिदीप्तिशीलता की मात्रा पर कोे प्रभाव देखा नहीं गया। जबकि सावधानीपूर्वक विश्लेषण से प्रकट हुआ कि इसमें छोटी, किन्तु उल्लेखनीय कमी आई (15–20 प्रतिशत) जो एनयूएमए की तीव्रता के साथ ''ऊपरी'' शंकु ध्रुव पर रिसाव होने वाली एलआईसी2 में था किन्तु एलआईसी1 में नहीं था। इस परिणाम से संकेत मिला कि एलआईसी2–डाइनिन अधिमानी रूप से एनयूएमए के माइटोटिक परिवहन के लिए जिम्मेदार है जो एक शंकु ध्रुव पर जाता है। शंकु ध्रुव द्वारा फोकस की गई कमियों को भी एलआईसी2 रिसाव पर देखा गया था, जिससे आंशिक रूप से एनयूएमए द्वारा ध्रुवों पर दोषपूर्ण परिवहन में योगदान दिया जा सकता है और इसके अलावा सेंट्रिसोल आसंजन में एलआईसी का जुड़ाव हाल ही में एलान समूह द्वारा रिपोर्ट किया गया है। सशक्त शंकु विन्यास की कमियां एलआईसी2 रिसाव पर देखी गई जिससे इसकी जांच को बढ़ावा मिला कि क्या संगत ध्रुवीय कॉर्टेक्स में एनयूएमए स्थानीकरण में कोई बदलाव था, चूंकि कॉर्टिकल एनयूएमए उचित शंकु विन्यास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिदीप्तिशीलता की तीव्रताओं के विश्लेषण से केवल ऊपरी कॉर्टेक्स (ऊपरी ध्रुव के संगत) में एनयूएमए का एक उल्लेखनीय जमाव एलआईसी2 के रिसाव पर देखा गया किन्तु एलआईसी1 में नहीं। एलआईसी2 के रिसाव पर ऊपरी कॉर्टेक्स पर फोल्ड एनयूएमए संचय का मिलान ऊपरी ध्रुव में एनयूएमए की फोल्ड कमी के साथ किया गया। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकाला गया था कि एनयूएमए का परिवहन कॉर्टेक्स से एक शंकु ध्रुव की ओर अधिमानी रूप से परिवहन होता है और इस परिवहन में प्राथमिक तौर पर एलआईसी2 – डाइनिन मध्यस्थता करता है किन्तु एलआईसी1 – डाइनिन नहीं करता है।

एलआईसी2–डाइनिन विशेष रूप से मुख्य प्रोटीन कॉम्प्लेक्स के साथ अंतःक्रिया करता है जो शंकु विन्यास का अभिशासन करते हैं : कॉर्टिकल एनयूएमए कॉर्टिकल डाइनिन के लिए एक प्रमुख भर्ती कारक के रूप में कार्य करता है। इसके बाद आगे जांच की गई कि क्या एलआईसी1 और एलआईसी2 डाइनिन के स्तर कॉर्टेक्स पर अधिक प्रभावशाली थे। बहु कार्यात्मक जीएफपी – टैगयुक्त आईसी74 हेला ए सेल लाइन (एमएफजीएफपी –आईसी74 हेला), माइटोटिक शंकु पर माइटोटिक डाइनिन का गतिशील स्थानीकरण, शंकु ध्रुव, काइनेटोकोर और ध्रुव प्रॉक्सीमल कॉर्टेक्स को देखा जाना चाहिए। प्रकाशित विधियों का उपयोग करते हुए इन चलचित्रों से कुछ स्थिर चित्रों में कॉर्टेक्स पर एमएफजीएफटी–आईसी74 प्रतिदीप्तिशीलता तीव्रता की मात्रा ज्ञात करने पर दर्शाया गया कि कॉर्टिकल डाइनिन के स्तर एलआईसी2 के रिसाव पर उल्लेखनीय रूप

से कम हो गए। एलआईसी1 के रिसाव वाली कोशिकाओं के पर्याप्त प्रभाज में सामान्य डाइनिन (एमएफजीएफपी–आईसी74) स्तर कॉर्टेक्स पर दिखाई दिए, जबकि सभी एलआईसी2 रिसाव वाली कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया और गंभीर रूप से घटे हुए कॉर्टिकल आईसी 74 दर्शाए गए। प्रतिदीप्तिशील तीव्रताओं की क्रमिक तुलना से एमएफजीएफपी – आईसी74 में लगभगक 2.5 गुना अधिक कमी लाने से एलआईसी2 रिसाव पर कॉर्टेक्स का स्तर घट जाता है, किन्तु एलआईसी1 – डाइनिन में एनयूएमए को कॉर्टेक्स से माइटोसिस के दौरान शंकु ध्रुव तक ले जाया जाता है।

उचित शंकु निर्माण के रखरखाव के लिए प्रमुख अन्य कॉर्टिकल पर स्थित प्रोटीन कॉम्प्लेक्स पीएआर3–एपीकेसी कॉम्प्लेक्स होता है। दिलचस्प है कि पार3 खास तौर पर एलआईसी2 से अंतःक्रिया करता है किन्तु इंटरफेस कोशिकाओं में एलआईसी1 के साथ नहीं, जिससे इसे सेंट्रोसोम में स्थिति बनाने में मदद मिलती है। एलआईसी2 के रिसाव पर केवल सशक्त शंकु विन्यास के दोष देखे गए, एलआईसी 2 के साथ पार3 जी विशिष्ट अंतःक्रिया को एलआईसी 2 के साथ माइटोसिस के दौरान खोजा गया। माइटोटिक दृष्टि से भरपूर लाइसेट को कोशिकाओं से लेकर बंधुता युक्त स्थिर अभिव्यक्ति (स्ट्रेप्टाविडिन बाइंडिंग प्रोटीन या एसबीपी– टैगयुक्त) एलआईसी1 या एलआईसी2 को पार3 की अंतःक्रिया में खोज के लिए इस्तेमाल किया गया। बेशक देखे गए पार3 (लगभग 100 केडीए आइसोफॉर्म) से एलआईसी2 के बंधुता पुल डाउन होते हैं किन्तु केवल एलआईसी1 या कंट्रोल बंधुता में नहीं होते। परिणाम से सुझाव मिलता है कि खास तौर पर एलआईसी2 पार3 अंतःक्रिया माइटोसिस के दौरान थी और इससे एलआईसी2 डाइनिन के शंकु विन्यास कार्य में योगदान मिलता है। एलआईसी के साथ 14–3–3 प्रोटीन E की संभावित अंतःक्रिया और Z जिनकी खोज बंधुता शुद्धता एल्यूएट के लिए भी की गई थी, चूंकि ये प्रोटीन साइटोप्लाज्मिक डाइनिन के साथ अंतःक्रिया के लिए जाने जाते हैं और एनयूएमए शंकु विन्यास मार्गों के साथ संपूर्ण शंकु विन्यास अर्जित करने के लिए जैव रासायनिक संपर्क बनाते हैं। दोनों 14–3–3 प्रोटीन E और Z दोनों के साथ एलआईसी की संभावित अंतःक्रिया को बंधुता शुद्धता



माइटोटीक धुराउन्मुखीकरण के एलआईसी2 डाइनीन पर आधारित नियंत्रण के लिए एक मॉडल है। एलआईसी2 डाइनीननूमा, पार3 और 14–3–3 के साथ सूचना का आदान प्रदान तथा कोर्टेक्स कोसूक्ष्म सूक्ष्मनलिकाएं का एंकर है। एलआईसी2 डाइनीन को केंद्रित करने में मदद कर के केंद्रर्पिड पर समाप्त होता है। एलआइसी2 डाइनीन 14–3–3 हेटरोडाइमर के माध्यम सेनूमा और पार3 मध्यस्थता धुरीउन्मुखीकरण द्वारा ब्रिजिंग को स्थिर कर सकते हैं।

अंतःक्रिया एल्यूएट में भी की गई थी, चूंकि ये प्रोटीन साइटोप्लाज्मिक डाइनिन के साथ अंतःक्रिया के लिए जाने जाते हैं। कुल मिलाकर उपरोक्त परिणामों से एलआईसी2 डाइनिन की विशिष्ट संलग्नता का पता लगा, किन्तु एलआईसी1 डाइनिन में एनयूएमए तथा पार3 युक्त कॉर्टिकल प्रोटीन कॉम्प्लेक्स के साथ थे जिसमें उचित शंकु विन्यास अर्जित किया गया (चित्र 5)।

समूह ने शुरूआती जेब्रा फिश भ्रूण जनन के दौरान एलआईसी द्वारा निभाई गई विकास संबंधी भूमिका की जांच भी शुरू की है। जीन विशिष्ट मोर्फोलिनोस का उपयोग करते हुए एलआईसी2 के रिसाव से भ्रूण में एक विशिष्ट, असामान्य आकारिकी दिखाई देती है। उल्लेखनीय रूप से सभी मोर्फेंट भ्रूण कुछ ही घंटों के अंदर मर गए, जिससे आरंभिक भ्रूण जनन विकास में एलआईसी 2 के लिए एक अनिवार्य भूमिका का सुझाव दिया गया है – जबकि भ्रूणों को मोर्फोलिनो की उप अनुकूल खुराकों से उपचारित किया गया और ये जीवित बने रहे किन्तु इनका विकास बहुत धीमा रहा। उच्च विभेदन सूक्ष्मदर्शी का उपयोग करते हुए ब्लास्टुला चरण पर मोर्फोफेंट भ्रूणों के कोशिका वैज्ञानिक विश्लेषण से कोशिका संवर्धन दोषों, लंबे शंकु और मेटाफेज कोशिकाओं में बिखरे हुए शंकु ध्रुवों, स्तनधारी कोशिकाओं में देखे गए दोषों की छवि का पता लगा। इससे सशक्त रूप से सुझाव मिलता है कि एलआईसी 2 – माध्यित कोशिका विभाजन प्रक्रिया आरंभिक जेब्रा फिश भ्रूण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आंत के संक्रामक और इडियोपैथिक इंफ्लेमेशन के जीव विज्ञान का अध्ययन

युवा अन्वेषक
प्रभाकर एम

पीएच. डी. छात्र
गायत्री महापात्रा
सलमान मुस्तफा अहमद
सारिका राणा
फारवेंद्र कुमार
आमिर सोहेल
हरिदया चंद्रशेखर
सोनालिका मौर्या
प्रेक्षा गौर

डीबीटी – आईए पोस्ट–डॉक्टरल अध्येता
मुकेश सिंह



चित्तूर वी. श्रीकांत
प्रधान अन्वेषक

यह अनुसंधान कार्यक्रम आण्विक प्रक्रियाओं को समझने पर केन्द्रित है जो एक मॉडल अंतःकोशिकीय आंत के रोगाणु, सालमोनेला एंटेरीकवार टाइफीमूरियम का उपयोग करते हुए आंत के संक्रमण, शोथ और स्व प्रतिरक्षी विकारों को आकार देते हैं (इसके बाद इसे एस. टाइफीमोरियम या एसटी कहा जाए)।

नए बैक्टीरियल रोग जनक प्रोटीनों और मेजबान के अंदर इनके लक्ष्यों की पहचान जो शोथकारी सिगनलिंग को बढ़ावा देते हैं, कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं। पुनः यह परीक्षण करना कि क्या ऐसे मार्ग मानव स्व प्रतिरक्षी विकारों की अवस्था में प्रचालनरत हैं, यही कार्यक्रम के उप उद्देश्य हैं। दिलचस्पी के विशेष क्षेत्र नीचे दो अनुभागों में बताए गए हैं। :

अनुभाग क : सालमोनेला – मेजबान अभिक्रियाएं

आंत के रोगाणु सालमोनेला टाइफीमोरियम से मेजबान की सूमोयलेशन मशीनरी में विक्षोभ : विभिन्न जीवाणु संबंधी रोग जो होस्ट के स्वास्थ्य के लिए खतरा होते हैं में खाद्यजनित रोगों का कारक एक सामान्य तौर पर पाया जाने वाला अभिकर्मक सालमोनेला टाइफिम्यूरियम (एसटी) है। यह रोग गैस्ट्रोएंटेरोइटिस कहलाता है जिसके परिणामस्वरूप संक्रमण के स्थान पर बड़ी संख्या में न्यूट्रोफिल आ जाते हैं। उल्लेखनीय रूप से, यह एक ऐसा फीनोटाइप है जो क्रोन रोग (सीडी) और अल्सरेटिव कोलाइटिस (यूसी) जैसे स्व प्रतिरक्षी विकारों के अनेक रूपों में देखा जाता है।

चिरकालिक शोथ अवस्था के अनेक आण्विक मार्कर (जैसे न्यूट्रोफिल कीमोट्रेक्टेंट हेपोक्सिलिन – ए3 की उपस्थिति, बहु औषधि प्रतिरोधक प्रोटीनों का अपरेगुलेशन) इन रोगों के बीच साझा किए जाते हैं। इस अध्ययन में मॉडल रोगाणु एसटी का उपयोग करते हुए गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल शोथकारी स्थितियों की जांच शामिल है। खास तौर पर प्रयोगों में पता लगा है कि होस्ट सूमोयलेशन, जो कि पोस्ट ट्रांसलेशनल मोडिफिकेशन पाथवे है, में संक्रमण के दौरान एसटी द्वारा कई परिवर्तन किए गए। सूमो तंत्र जो कि यूबिकिलाइलेशन तंत्र के समान है, में तीन किण्वकों अर्थात सक्रियण किण्वक ई1, संयोगी किण्वक ई2 और कई लाइगेटिंग किण्वक ई3, का प्रयोग किया जाता है। ये किण्वक चरणबद्ध रूप में तीन सूमो सबस्ट्रेट्स सूमो1, सूमो2 या सूमो3 में से एक का लक्षित प्रोटीनों जिनमें सूमो मोटिफ होता है के लाइसिन अपशिष्ट से संयुग्मन करते हैं। सूमो में संशोधन से लक्षित प्रोटीन की कई विशेषताओं जिसमें इसका स्थानीकरण, कार्य और अन्य प्रोटीनों के साथ क्रिया करने की इसकी क्षमता शामिल है में अनिवार्यतः परिवर्तन हो सकता है।

पुनः डेटा से पता लगा है कि एसटी द्वारा संक्रमण के दौरान गतिशील रूप से मेजबान सूमोयलेशन में उल्लेखनीय बदलाव होता है। इसके अलावा एसटी द्वारा प्रयुक्त मेजबान लक्ष्यों में से एक द्वारा मेजबान सूमो मशीनरी को ई2 इंजाइम यूबीसी9 में बदला गया था। यह देखा गया था कि एसटी संक्रमण के दौरान यूबीसी9 के प्रोटीन स्तर पात्रे और जीवे दोनों में ही उल्लेखनीय रूप से कम हो गए थे। इसे दर्शाने के लिए अनेक मार्ग उपयोग किए गए कि यूबीसी9 में कमी का कारण एमआईआरएनए (एमआईआर30सी और एमआईआर30ई) की उपस्थिति था। ये एमआईआरएनए एस टाइफीमूरियम द्वारा माध्यित मेजबान सूमोयलेशन के डाउन रेगुलेशन के लिए अनिवार्य और पर्याप्त थे। इसे 2015 में एमसीबी में प्रकाशित किया गया (वर्मा आदि 2015)। सूमोयलेशन की

भूमिका को अधिक विस्तार से समझने के लिए एसटी के अंतःकोशिकीय जीवन और मेजबान सूमोयलेशन के संपर्क के विवरण की खोज की गई थी।

